

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 21 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-292 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## छग आबकारी नीति को मंत्रिपरिषद की मंजूरी

### नया रायपुर में स्थापित होगा उच्च कोटि का शैक्षणिक संस्थान

रायपुर,21 जनवरी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्ताव का अनुमोदन तथा इससे संबंधित समस्त अनुषांगिक कार्यवाहियों के लिए विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में उच्च कोटि का शैक्षणिक संस्थान स्थापित किये जाने हेतु श्री विले पारले कलावनी मंडल (SVKM) को उनके नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना के लिए सेक्टर-18 में चिन्हांकित लगभग 40 एकड़ भू-खण्ड का आबंटन लीज के रूप में एकमुश्त 90 वर्षों के लिए करने की स्वीकृति प्रदान की है। एसव्हीकेएम एक ख्याति प्राप्त संस्था है, जो वर्ष 1934 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत तथा वर्तमान में 30 शैक्षणिक संस्थान संचालित है, जोकि एक लाख से अधिक छात्रों को प्रति वर्ष प्री-प्राइमरी से लेकर डॉक्टोरल कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है। वर्ष 2025 में एनआईआरएफ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस संस्था को 52वां रैंक प्राप्त हुआ है। नवा रायपुर में इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना से राज्य में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।


मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में 04 नवीन उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) के साथ एमओयू का निर्णय लिया है। इससे राज्य में आईटी/आईटीईएस उद्योग तथा तकनीकी स्टार्ट-अप इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने में यह एमओयू महत्वपूर्ण होगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) के 68 केन्द्र संचालित है, जिनमें 60 भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एआई, मेडटेक (हर्बल मेडिसिन एवं वन उत्पाद आधारित), स्मार्ट सिटी तथा स्मार्ट एग्री उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से आगामी तीन से पांच सालों में डोमेन विशेष के 133 स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देंगे। राज्य सरकार द्वारा छात्रों, उद्यमियों, शोधकर्ताओं तथा उद्योगों को ईएसडीएम उत्पादों के प्रोटोटाइप विकसित करने में सहयोग प्रदान करने के लिए एसटीपीआई के माध्यम से एक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विकास (ईएसडीडी) केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जो प्रति वर्ष 30 से 40 हार्डवेयर, स्टार्टअप और एमएसएमई को सभी सहायता प्रदान करेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्तमान संसाधनों को सुदृढीकरण करने तथा निर्धारित मानक के अनुसार जांच की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लैब के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर सील दोनों राज्यों के वाहन फंसे

**रायगढ़,21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ट्रांसपोर्टरों के बीच भाड़ा, लोडिंग और वसूली को लेकर उत्पन्न विवाद के चलते स्थानीय पुलिस ने हमीरपुर टपरिया बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिया है।इस निर्णय के परिणामस्वरूप कोल परिवहन पर रोक लग गई है, जिससे दोनों राज्यों से रायगढ़ की ओर आने-जाने वाले करीब एक हजार ट्रक-ट्रेलर सीमावर्ती क्षेत्रों में खड़े हो गए हैं।हाल ही में हमीरपुर बॉर्डर पर ओडिशा के ट्रांसपोर्टरों ने छत्तीसगढ़ के कुछ मालवाहक वाहन चालकों से मारपीट की थी, जिसमें 15 हजार की लूटपाट और बंधक बनाने की घटना हुई। तमनार थाना प्रभारी कमला पुसान ने घटनास्थल पर पहुंचकर बंधकों को मुक्त कराया। इसके बाद बंटी डालमिया सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद और अन्य पर अपराध दर्ज किया गया है।

**ट्रांसपोर्टरों के बीच भाड़ा, लोडिंग और वसूली को लेकर विवाद**

## मोदी कैबिनेट ने किया अटल पेंशन योजना का विस्तार



नई दिल्ली,21 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज दो अहम और दूरगामी फैसले लिए गए जिनका सीधा असर देश के करोड़ों मेहनतकश लोगों और छोटे उद्यमियों पर पड़ेगा। एक ओर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे की सुरक्षा देने वाली अटल पेंशन योजना को वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है वहीं दूसरी ओर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने के लिए स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को 5000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता मंजूर की गई है। कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को आगे बढ़ाते हुए इसके प्रचार प्रसार, क्षमता निर्माण और विकासात्मक गतिविधियों के लिए सरकारी सहयोग जारी रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही योजना को टिकाऊ बनाए रखने के लिए गैप फंडिंग की व्यवस्था भी जारी रहेगी। हम आपको बता दें कि वर्ष 2015 में शुरू हुई यह योजना 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से 5000 रुपये मासिक पेंशन की गारंटी देती है। जनवरी 2026 तक इस योजना से 8 करोड़ 66 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। सरकार का मानना है कि निरंतर सहयोग से असंगठित क्षेत्र के और अधिक श्रमिकों तक इसका लाभ पहुंचेगा और देश एक पेंशनयुक्त समाज की ओर मजबूत कदम बढ़ाएगा। वहीं दूसरे बड़े फैसले के तहत स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को 5000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी तीन चरणों में दी जाएगी। इसका उद्देश्य बैंक की पूंजीगत स्थिति को मजबूत करना और एमएसएमई क्षेत्र को अधिक ऋण उपलब्ध कराना है। इस पूंजी निवेश के बाद वर्ष 2028 तक लगभग 25 लाख 74 हजार नए एमएसएमई लाभार्थी जुड़ने की उम्मीद है। मौजूदा औसत के अनुसार इससे करीब 1 करोड़ 12 लाख नए रोजगार सृजित हो सकते हैं। सरकार के अनुसार मजबूत पूंजी आधार से बैंक सस्ती दरों पर संसाधन जुटा सकेगा और छोटे उद्योगों को प्रतिस्पर्धी लागत पर ऋण मिलेगा। देखा जाये तो आज के ये दोनों फैसले जनहित और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा के सूत्र में बँधे हैं। अटल पेंशन योजना का विस्तार यह स्वीकार करता है कि भारत की असली अर्थव्यवस्था आज भी असंगठित क्षेत्र के कंधों पर टिकी है। रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, रेहड़ी पटरी वाले, खेत मजदूर या छोटे कारीगर, इनके लिए बुढ़ापा अक्सर असहायता का दूसरा नाम रहा है। सरकार द्वारा इस योजना को 2030 तक बढ़ाना दरअसल इस वर्ग को यह भरोसा देना है कि काम करने की उम्र बीत जाने के बाद भी जीवन की गरिमा बनी रहेगी।

यह फैसला केवल पेंशन तक सीमित नहीं है। प्रचार और क्षमता निर्माण पर जोर यह संकेत देता है कि सरकार चाहती है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी वित्तीय सुरक्षा की भाषा समझे। जब करोड़ों लोग नियमित बचत और पेंशन व्यवस्था से जुड़ते हैं तो यह देश को सामाजिक सुरक्षा के मजबूत ढांचे की ओर ले जाता है। विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब विकास का फल सिर्फ वर्तमान पीढ़ी ही नहीं बल्कि भविष्य की वृद्ध पीढ़ी तक भी पहुंचे। उधर, स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को दी गई इक्विटी सहायता भारतीय अर्थव्यवस्था की धड़कन कहे जाने वाले एमएसएमई क्षेत्र को नई ऊर्जा देने वाला कदम है। छोटे उद्योग केवल उत्पादन के केंद्र नहीं होते बल्कि रोजगार के सबसे बड़े स्रोत भी होते हैं। जब बैंक की पूंजी मजबूत होगी तो वह जोखिम उठाने में सक्षम होगा और छोटे उद्यमियों तक बिना जमानत डिजिटल ऋण पहुंचा सकेगा। इससे स्टार्टअप से लेकर पारंपरिक कुटीर उद्योग तक सभी को फायदा मिलेगा।

## स्पा संचालक से वसूली का मामला गृहमंत्री शर्मा ने एएसपी को किया सस्पेंड

**रायपुर,21 जनवरी।** गृह मंत्री विजय शर्मा ने बिलासपुर में स्पा संचालक से वसूली मामले में एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल को सस्पेंड कर



दिया है. इस मामले में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा ऐसे अधिकारियों को तुरंत सस्पेंड करके जांच की जाए. बता दें, बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित स्पा एंड वेलनेस सेंटर के संचालक ने पूर्व एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल पर डराने-धमकाने और पैसों की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है. इस मामले में स्पा संचालक ने पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला से पूर्व एडिशनल एसपी के स्टिंग वीडियो और व्हाट्सऐप कॉल रिकॉर्डिंग साझा करते हुए लिखित शिकायत की है. जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने तत्काल जांच के आदेश देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बिलासपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है. शिकायतकर्ता का दावा है कि उसने पूर्व एएसपी का स्टिंग किया, जिसमें कथित रूप से पैसों की मांग और धमकी से जुड़ी बातचीत रिकॉर्ड हुई है। उसके अनुसार, लगातार दबाव के कारण वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था, जिसके बाद उसने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया है। वहीं आज इस मामले की जानकारी मिलने पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल को निलंबित कर दिया है.

### पुलिस कमिश्नर प्रणाली को पूरे जिले में लागू करने पर हो रहा विचार: शर्मा

**रायपुर,21 जनवरी।** पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लेकर गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले ही एक बैठक में इस विषय पर निर्णय लिया था। अब इसे पूरे रायपुर जिले में लागू करेंगे। समूचे जिले की दृष्टिकोण से इस पर विचार किया जा रहा है। सीएम साय जल्द निर्णय लेंगे। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में सीएमव साय ने रायपुर में पुलिस आयुक्त (कमिश्नरेट) प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरी सिस्टम लागू होने के बाद कई ऐसे अधिकार जो अब तक जिला प्रशासन के अधीन थे, वह सीधे पुलिस कमिश्नर को सौंपे जाएंगे। सरकार की दलील है कि इसका मकसद अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन और आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय को सुनिश्चित करना है। हालांकि कहा जा रहा है कि शस्त्र लाइसेंस और आबकारी से जुड़े अधिकार इस प्रणाली के दायरे से बाहर रखे गए हैं।

## माओवादियों के हथियारों का जखीरा बरामद

**नगरी,21 जनवरी।**धमतरी जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। आत्मसमर्पित महिला नक्सली की निशानदेही पर डीआरजी नगरी सिहावा के जंगल में छिपाकर रखे गए माओवादियों के हथियारों का डम्प बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक ऑटोमेटिक राइफल सहित कुल तीन बंदूकें और मैग्जीन जप्त की गई हैं। आईजी रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं एसपी धमतरी के निर्देशन में जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान लगातार प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सतत सर्चिंग और मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी 2026 में पांच लाख की इनामी महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता उर्फ लता उर्फ सोमारी ने छत्तीसगढ़ शासन एवं धमतरी पुलिस की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादी संगठन छोड़ दिया था। मुख्यधारा में लौटने के बाद उसके द्वारा दी गई अहम सूचना के आधार पर माओवादियों द्वारा छुपाए गए हथियारों का डम्प बरामद किया गया।

### नक्सलियों ने की पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या

**बीजापुर,21 जनवरी** छत्तीसगढ़ के बीजापुर से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, यहां पामेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कावरगट्टा गांव में नक्सलियों ने एक बार फिर दहशत फैलाने वाली वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने ग्राम कंचाल निवासी एवं पूर्व सरपंच भीमा मडकम की खेत में गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि भीमा मडकम हाल ही में दंतेवाड़ा जिले के बचेली से अपने गांव लौटा था। इसी दौरान खेत में मौजूद होने पर पहले से घात लगाए नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस थाना में प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी

**जशपुर,21 जनवरी।** जशपुर जिले से एक अनोखा मामला सामने आया. पत्थलगांव थाना परिसर में दो प्रेमी जोड़ों ने थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में विधिवत तरीके से शादी की रस्में निभाईं. दूल्हा-दुल्हन ने पहले सात फेरे लिए. इसके बाद भगवान का आशीर्वाद लेकर दुल्हन की मांग में सिन्दूर भरा. यह दृश्य वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गया.जानकरी के मुताबिक, एक प्रेमी युगल को शादी से पहले परिजनों के विरोध और झूमा-झटकी का भी सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने एक-दूसरे के साथ वैवाहिक जीवन जीने का फैसला किया. वहीं दूसरे प्रेमी युगल करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध में था. बालिग होने के चलते उन्होंने थाना पत्थलगांव में आवेदन देकर सुरक्षा और विवाह की अनुमति मांगी थी. इस अनोखी शादी के दौरान पुलिसकर्मी भी साक्षी बने. थाना परिसर में मौजूद लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया. अमाकानी निवासी पल्लवी मरकाम ने गोढ़ीकला निवासी निर्मल लहरे से भगवान भोलेनाथ के समक्ष विवाह किया. वहीं प्रेमनगर निवासी रानुराधा नामदेव ने रामकुमार विश्वकर्मा के साथ जीवनभर साथ निभाने की कसमें खाईं.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से भालू की मौत

जगदलपुर,21 जनवरी। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मेटावाड़ा क्षेत्र में स्थित पुराने टोल प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात मारुति वाहन ने सड़क पार कर रहे एक भालू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भालू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी देते हुए वन विभाग के एसडीओ देव लाल दुग्गा ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर वाहन के कई टूटे हुए हिस्से बिखरे मिले हैं.

## आप चाहते हैं हम आईसीसी को बांग्लादेश को बैन करने के आदेश दें, याचिका देख भड़के जज

नई दिल्ली,21 जनवरी। बांग्लादेश को क्रिकेट खेलने से रोकने की मांग कर रहे याचिकाकर्ता को दिल्ली हाईकोर्ट ने फटकार लगाई है। अदालत ने कहा है कि इसे छोड़कर कुछ अच्छा काम कीजिए। साथ ही सवाल उठाए हैं कि अदालत विदेश मंत्रालय की नीतियों को लेकर फैसला कैसे दे सकता है। कोर्ट ने बड़ा जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर जनहित याचिका के जरिए बांग्लादेश को किसी भी कॉम्पिटिशन में भाग लेने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया ने जनहित याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा, 'यह किस तरह की याचिका है। आप कह रहे हैं कि कोर्ट को विदेश मामलों से जुड़े नीतिगत फैसले लेना चाहिए। इसे विदेश मंत्रालय पर छोड़ दीजिए। आप हमें बांग्लादेश में जांच करने के लिए कह रहे हैं? क्या हमारी रिट वहां जाएगी? कुछ अच्छे कारण बताएं। क्या हम कोई भी रिट जारी कर सकते हैं।'

कोर्ट ने कहा, 'आईसीसी आयोजक है। क्या हमारा रिट आईसीसी पर लागू होगा? हम आपको चेतावनी दे रहे हैं कि मोटा जुर्माना लगाया जाएगा। आप कह रहे हैं कि आईसीसी को बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दें। हमारा रिट आईसीसी पर लागू होगा? जो आपके दिमाग में आता है, आप पीआईएल दाखिल कर देते हैं। कानून कहां है।' याचिकाकर्ता ने कहा, 'कुछ पूर्व के मामले भी हैं। दिल्ली हाईकोर्ट का 2010 का फैसला है, जब आईसीसी के खिलाफ मामला सुना गया था।' इस पर कोर्ट ने कहा कि दीजिए हमें, लेकिन हम आपको चेतावनी दे रहे हैं।

बीसीसीआई की ओर से कोर्ट पहुंचे एसजी तुषार मेहता ने सवाल किया कि क्या अदालत ने अन्य पार्टियों को देखा? उन्होंने कहा, 'इनमें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड है।' सीजे ने याचिकाकर्ता से कहा, 'आप कानून के छात्र हैं? हम आपको चेतावनी दे रहे हैं और विचार करने का अनुरोध कर रहे हैं। आप कोर्ट का समय बर्बाद कर रहे हैं। बांग्लादेश की स्थिति से खास तरीके से निपटने के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड, आईसीसी या भात सरकार को रिट नहीं दिया जा सकता है।' याचिकाकर्ता ने कहा कि पहले भी इस अदालत में इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को लेकर सुनवाई हुई है। इसपर बेंच ने चेताया कि कानून के छात्र याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाया जा सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि वह याचिका वापस ले लेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा, 'कृपया कुछ बेहतर और काम का काम कीजिये। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में टिक नहीं सकतीं।' अदालत ने आदेश जारी किया कि जब यह बताया गया कि यह याचिका कानूनी रूप से चलने (सुनवाई) के लायक नहीं है, तो याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। याचिका को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज किया जाता है।

## मद्रास हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

### उदयनिधि स्टालिन का 'सनातन धर्म' पर बयान 'हेट स्पीच' के समान

**चेन्नई,21 जनवरी।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि 2023 में सनातन धर्म के खिलाफ उदयनिधि द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी 'हेट स्पीच' (नफरती भाषण) के दायरे में आती है। हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने कड़ी टिप्पणियों में कहा कि डीएमके द्वारा 100 से ज़्यादा सालों से "हिंदू धर्म पर साफ हमला" किया गया है, और यह भी कहा कि मंत्री उसी विचारधारा से जुड़े हैं। कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जताई कि जो लोग कथित तौर पर हेट स्पीच देते हैं, उन्हें अक्सर सज़ा नहीं मिलती। हाई कोर्ट ने कहा, "यह साफ है कि पिछले 100 सालों से द्रविड़ कज़गम और उसके बाद द्रविड़ मुनेत्र कज़गम द्वारा हिंदू धर्म पर साफ हमला किया गया है, जिससे मंत्री जुड़े हुए हैं। सभी परिस्थितियों पर विचार करते हुए, यह देखा गया है कि याचिकाकर्ता ने मंत्री के भाषण के छिपे हुए मतलब पर सवाल उठाया था।" इसमें आगे कहा गया, "यह कोर्ट दुख के साथ यह दर्ज



करता है कि जो लोग हेट स्पीच देते हैं, उन्हें आज़ाद छोड़ दिया जाता है, जबकि जो लोग ऐसी हेट स्पीच पर प्रतिक्रिया देते हैं, उन्हें कानून का सामना करना पड़ता है। कोर्ट उन लोगों से सवाल कर रहे हैं जो प्रतिक्रिया देते हैं, लेकिन उन लोगों के खिलाफ कानून का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं जिन्होंने हेट स्पीच दी।" हाई कोर्ट ने यह भी बताया कि तमिलनाडु में मंत्री के खिलाफ उनकी हेट स्पीच के लिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, हालांकि कुछ मामले दूसरे राज्यों में दर्ज किए गए हैं। सितंबर 2023 में, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणियों से देश भर में विवाद खड़ा कर दिया था। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, उन्होंने कहा, "कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छरों, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते; हमें उन्हें खत्म करना होगा। उसी तरह, हमें सनातन का विरोध करने के बजाय उसे खत्म करना होगा।" उन्होंने आगे तर्क दिया कि सनातन धर्म मौलिक रूप से सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है, और आरोप लगाया कि यह जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देता है। आलोचकों ने इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि ये सनातन धर्म का पालन करने वालों के "नरसंहार" का आह्वान था, इस व्याख्या को मंत्री ने बाद में खारिज कर दिया था।

### नगर और दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में निरंतर सड़कों का विस्तार

# विधायक भावना बोहरा ने 14.58 करोड़ की लागत से बनने वाली 3 सड़कों का भूमिपूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 21 जनवरी।** पंडरिया विधानसभा में विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से हर नगर और दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में निरंतर सड़कों का विस्तार हो रहा है। आज ग्राम पाढ़ी और भाकुर में विधायक भावना बोहरा ने 14 करोड़ 58 लाख 5 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पाढ़ी में 9 करोड़ 52 लाख 35 हजार रु. की लागत से पंडरिया से बकेला तक कुल 13 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं ग्राम भाकुर में 3 करोड़ 38 लाख 90 रु.की लागत से सेंदुरखार से छिंदीडीह तक 10.50 किलोमीटर और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1 करोड़ 67 लाख 25 हजार रु.की लागत से पंडरीपानी से बाकी बोदरी (पंडरिया) तक 2.30 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य का क्षेत्रवासियों के साथ भूमिपूजन कर बधाई दी। वर्तमान समय मे पंडरिया विधानसभा में लगभग 350 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य जारी है जिससे विधानसभा वासियों को आने वाले समय में सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस सौगात के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किया। इन 3 बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण से मोतिमपुर पाढ़ी, गांगपुर, गौरकापा, खैरझिटी पुराना, लिम्हईपुर, देवसरा, बकेला, भाकुर, तेलियापानी धोबे, जखनाडीह, छिन्डीडीह, पंडरीपानी एवं बाकी बोदरी सहित आस-पास के गाओं में निवासरत परिवारों को लाभ मिलेगा।इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 14.58 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन पंडरिया विधानसभा में विकास, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस अवसर पर जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा ध्रुवे , पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी,श्रीमती पूर्णिमा साहू , मंडल अध्यक्ष रविश सिंह ठाकुर बसंत बाटिया जी, थानेश्वर जायसवाल जी, श्री राजकुमार नेताम जी, ललित चंद्रवंशी भागीरथी साहू रविशंकर चंद्रवंशी दीपक सलूजा दशरथ कुम्भकार बहादुर सोनी जलाल लेखराम बाँधवे, रसपाल सिंह टेकाम जी, चैतराम ध्रुवे , श्रीमती तीजन बाई मरकाम, नरेश हठले, श्रीमती सीताबाई ध्रुवे ,श्रीमती बिलासाबाई पन्द्राम जी,श्रीमती हेमा उत्तम भट्ठ , पतिया बाई, भोलाराम टेकाम सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रेता पर कार्रवाई, जनता में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 जनवरी।** योगेश कश्यप थाना प्रभारी कोतवाली की सक्रियता से अवैध शराब विक्रेता पकड़ाए । जिला एस पी धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कवर्धा थाना प्रभारी योगेश की सक्रियता के कारण दो अवैध शराब विक्रेता पकड़ाए जाने की तारीफ जनमानस में होती हुई दिख रही है । युवाओं का सुबह से शराब पीने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है अवैध शराब बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाना चाहिए ओर ग्रामीण अंचलों में भी समाय समय पर अवैध शराब विक्रेता पर कार्रवाई हो रही है जिससे अवैध शराब विक्रेता चिंतित दिख रहे है ।

**एक नजर**

### सुरक्षित वाहनचालन के लिए पुलिस ने लोगों को किया जागरूक



**भिलाई, 21 जनवरी (तछसं.)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत दुर्ग जिले में सुरक्षित ड्राइविंग को लेकर जागरुकता कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है यातायात पुलिस की टीम लोगों के बीच पहुंचकर जागरुक कर रही है कि हेलमेट कोई मजबूरी नहीं जिम्मेदारी है एक छोटी सी सावधानी अपनों की बड़ी खुशी बन जाती है रफ्तार से नहीं बल्कि समझदारी से चलें और हर सफर में दोपहिया में हेलमेट और चार पहिया में सीट बेल्ट पहनकर चलें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले के विभिन्न शासकीय संस्थानों, बैंक परिसरों, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित बैनर एवं पोस्टर लगाए जा रहे हैं सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रेरणादायक कविताओं, स्लोगनों एवं संदेशों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित कर नागरिकों में सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं की तथा अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकें 78.7 प्रतिशत दुर्घटनाएं चालकों की त्रुटियों के कारण उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाता है। इसके अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की आधारभूत जानकारी प्रदान की जाती है। सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आता है कि कुल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 78.7 प्रतिशत दुर्घटनाएं चालकों की त्रुटियों के कारण होती हैं। इन त्रुटियों में प्रमुख रूप से शराब अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाना तथा थकान की अवस्था

### राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव की जांच की जा रही

**भिलाई, 21 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई तीन एवं पावर हाउस के बीच खुर्सीपार क्षेत्र में राजधानी एक्सप्रेस पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पथराव किए जाने की घटना सामने आई है पत्थर इंजन के सामने लगे कांच पर लगा, जिससे उसमें दरार आ गई गनीमत रही कि इस घटना में ट्रेन चालक और सहायक चालक को कोई चोट नहीं आई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था घटना शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है, जब राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से गुजर रही थी अचानक हुए पथराव से चालक दल कुछ देर के लिए सकते में आ गया, लेकिन ट्रेन को सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाया गया घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ भिलाई पोस्ट हरकत में आ गई भिलई तीन आरपीएफ पुलिस ने बताया कि पथराव करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए मौके पर एम्बुश लगाया गया इस के अलावा अगले दिन मंगलवार को खुर्सीपार क्षेत्र की आसपास की झुग्गी बस्तियों में सघन पतासाजी भी की गई आरपीएफ द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि यात्रियों और रेलकर्मियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनती हैं आरपीएफ थाने पुलिस मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी ने अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

**भिलाई, 21 जनवरी (तछसं.)।** दुर्ग



एसएसपी विजय अग्रवाल ने राजपत्रित अधिकारियों को थाना, पुलिस चौकी का पर्यवेक्षण और अन्य कार्यों की अग्रिम आदेश तक जिम्मेदारी सौंपी है प्रशासनिक कसावट के लिए यह आदेश जारी किया गया है इस में सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर को दुर्ग कोतवाली, पद्मनाभपुर, मोहन नगर, पुलगांव, जेवरा सिरसा, नगपुरा, अंजोरा जिम्मेदारी सौंपी गई है भिलाई नगर सीएसपी की सत्य प्रकाश तिवारी को भिलाई नगर, भिलाई भट्ठी, सुपेला, स्मृति नगर, वैशाली नगर को प्रभार दिया गया है डीएसपी भारती मरकाम को नेवई, छावनी की जिम्मेदारी दी गई है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा को छावनी, जामुल, पुरानी भिलाई, कुम्हारी, खुर्सीपार का प्रभारी दिया गया है। डीएसपी अपराध यदुमणि सिदार को साइबर सेल, एसीसीयू दुर्ग, आईटीएमएस की मनीटरिंग का प्रभार दिया गया है। डीएसपी अजाक/क्राइम दिलीप सिंह सिसोदिया को डीसीबी, अजाक, डीसीआरबी का प्रभार दिया गया है।

## पुलिस की पहल से स्वामी विवेकानंद अकादमी के 7 प्रशिक्षित युवाओं का केंद्रीय सशस्त्र बलों में चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,21 जनवरी।** कबीरधाम पुलिस द्वारा युवाओं को अनुशासन, रोजगार और राष्ट्रसेवा से जोड़ने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयास आज जिले ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी पिछले कई वर्षों से निरंतर लाभप्रद परिणाम दे रही है।कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद अकादमी के माध्यम से युवाओं को पुलिस, आर्मी एवं केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं हेतु शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह अकादमी केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को दिशा देने वाला एक सशक्त मंच बन चुकी है।इन निरंतर और सुनियोजित प्रयासों के परिणामस्वरूप अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त 07 युवाओं का हाल ही में केंद्रीय सशस्त्र बलों CRPF CRPF एवं BSF में चयन हुआ है। इस अवसर पर चयनित युवाओं को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण सेवाकाल हेतु शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर सहित स्वामी विवेकानंद अकादमी में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक आर. विक्की चंद्रवंशी, प्रदीप श्रीवास, दशरथ साहू तथा नगर सेना महिला सैनिक रीना शर्मा उपस्थित रहीं। चयनित युवाओं का विवरण इस प्रकार है–वैभव चंद्रवंशी, ग्राम पलानसरी, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम का चयन छ्ढ्डस्न्न मेंडोमन चंद्रवंशी, ग्राम लखनपुर कला, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम का चयन CRPF में मुकेश साहू, ग्राम मदनपुर, जिला कबीरधाम का चयन छ्ढ्डस्न्न में नेम सिंह धुर्वे, ग्राम पुतकी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम का चयन ब्क्रस्न्न में अजय कुमार यादव, ग्राम बड़ौदा खुर्द, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम का चयन CRPF में भूपेन्द्र साहू, ग्राम बहवलिया, थाना कुंडा, जिला कबीरधाम का चयन CRPF में नीलेश चेलकर का चयन CRPF में उल्लेखनीय है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी के माध्यम से अब तक 1000 से अधिक युवाओं का चयन पुलिस, भारतीय सेना एवं विभिन्न केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में हो चुका है। यह उपलब्धि अकादमी की गुणवत्ता, प्रशिक्षकों की प्रतिबद्धता एवं कबीरधाम पुलिस की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। कबीरधाम पुलिस की यह पहल न केवल युवाओं को एक सशक्त भविष्य प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में यह सकारात्मक संदेश भी दे रही है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। भविष्य में भी इस अकादमी के माध्यम से युवाओं को निरंतर अवसर प्रदान किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा देश सेवा से जुड़ सकें।

### बिना अधिभार कर भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च

**भिलाई, 21 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी भवन एवं भूमि स्वामियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय कर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। नगर निगम द्वारा जानकारी दी गई है कि यदि 31 मार्च के पश्चात करों का भुगतान किया जाता है, तो कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार लगाया जा सकता है। ऐसे में निगम ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर अपने भवन/भूमि से संबंधित राजस्व करों का भुगतान कर अनावश्यक कार्यवाही से बचें।

## अवैध निर्माण व गंदगी बर्दाश्त नहीं:आयुक्त



**भिलाई, 21 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 अंतर्गत पेवर ब्लाक, प्रस्तावित रोड, अटल आवास, सफाई व्यवस्था सहित प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है। उपस्थित अधिकारियों को शहर की साफ-सफाई पर ज्यादा ध्यान देने कहा गया है। निगम आयुक्त द्वारा वैशाली नगर कॉलेज के सामने गौरव पथ में लगे पेवर ब्लाक का निरीक्षण किये। पेवर ब्लाक पुराने होने के साथ बीच-बीच से निकल गया है, जिसे व्यवस्थित कराने कहा गया है। जवाहर नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। नागरिकों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए कार्य जल्द ही प्रारंभ कराने निर्देशित किये है। न्यू अटल आवास के समीप नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। भवन निगम से बिना बिल्डिंग परमिशन लिए बनाया गया है, संबंधित को नोटिस देने निर्देशित किये है। आयुक्त ने जवाहर नगर अटल आवास कालोनी का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिकों की समस्या सुने, नागरिकों द्वारा खेल ग्राउंड बनाने मांग किया गया है। साथ ही कालोनी में पानी, साफ-सफाई का जायजा लिये है ।

आयुक्त द्वारा आम्रपाली के पीछे निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के कालोनी में सफाई का जायजा लिया गया। कॉलोनी के नालियों में नागरिकों द्वारा घरो का कचरा डाल दिया जाता है। नागरिकों को समझाइश दिया गया है कि नाली में कचरा डालते पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की जावेगी। व्यवस्था सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### रिश्वत,प्रधानआरक्षक निलंबित

**दुर्ग,21 जनवरी।** दुर्ग जिले के नंदिनी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल को मृतक के रिश्तेदारों से 5 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने निलंबित कर दिया है थाना नंदिनी के मर्ग पश्तात धारा 106(1), 285 बीएनएस के प्रकरण के विवेचक प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल ने मृतक के रिश्तेदार से 5 हजार रुपए की मांग ले लिया है। प्रथम दृष्ट्या भ्रष्ट आचरण प्रदर्शित करने के लिए प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल की तैनाती नंदिनी नगर जिला दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र दुर्ग भेज दिया है। प्रधान आरक्षक बद्री सिंह को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

## ऐतिहासिक कौशल्या मंदिर प्रेरक सांस्कृतिक तीर्थ: शर्मा



**भिलाई, 21 जनवरी।** चंदखुरी में स्थित माँ कौशल्या मंदिर देश का एक दुर्लभ एवं विशिष्ट सांस्कृतिक तीर्थ है, जो सम्पूर्ण भारत में अपनी तरह का एकमात्र मंदिर है। यहाँ बाल रूप में भगवान श्री राम माता कौशल्या की गोद में विराजमान हैं, जो भक्तों के मन को सहज ही आकर्षित करता है। उक्त विचार माँ कौशल्या देवी मंदिर, चंदखुरी के दर्शन उपरांत प्रख्यात लेखक एवं शोधकर्ता आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने व्यक्त किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान के अनुसार कौशल नरेश भानुमन्त की पुत्री होने के कारण उन्हें कौशल्या कहा गया। वाल्मीकि, तुलसीदास एवं कालिदास जैसे महान साहित्यकारों ने भी माता कौशल्या का उल्लेख अपने ग्रंथों में किया है। देश-विदेश में अनेक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा करने वाले आचार्य डॉ. शर्मा ने हाल ही में चंदखुरी का विस्तृत एवं सफल भ्रमण किया। उन्होंने जानकारी दी कि भगवान श्रीराम के पूर्वज महाराजा दिलीप ने पुत्र प्राप्ति के लिए कामधेनु की पुत्री नंदिनी की सेवा की थी, जिसका उल्लेख पुराणों में मिलता है। आज भी छत्तीसगढ़ में 'नंदिनी' नाम से अनेक स्थान प्रसिद्ध हैं। चंदखुरी स्थित दशरथ महल के आंगन में माता कौशल्या सहित तीनों रानियों, भगवान श्रीराम एवं चारों भाइयों, वैद्यराज सुषेण, भगवान शिव और कपिश्वर हनुमान की भव्य मूर्तियां दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित करती हैं। इसके अतिरिक्त सरोवर क्षेत्र में देवों एवं दैत्यों द्वारा अमृत प्राप्ति हेतु किए गए समुद्र मंथन की भव्य प्रतिमा भी दर्शनीय हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि आज देश-विदेश में भगवान श्रीराम की भव्य और विशाल प्रतिमाओं की चर्चा हो रही है, वहीं चंदखुरी का कौशल्या मंदिर सांस्कृतिक चेतना और आस्था का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। इस सांस्कृतिक यात्रा के दौरान आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी गौरी शर्मा भी उनके साथ उपस्थित रहीं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी 30 जनवरी को



**भिलाई, 21 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) भारत सरकार का एक प्रमुख मिशन है, जिसका क्रियान्वयन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी में निवासरत नागरिकों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में पानी, बिजली, शौचालय एवं रसोई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 30 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय के सभागार कक्ष में आवास आबंटन हेतु लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत एएचपी किफायती आवास, मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित आवासों का आबंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है। सक्षम स्वीकृति प्राप्त पश्चात कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत एवं बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान की राशि 75,000 रु निगम कोष में जमा कराई जा रही है। शासन के निर्देशानुसार लॉटरी प्रक्रिया में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए भूतल के आवास आवंटित किए जाएंगे। अन्य हितग्राहियों को भूतल के साथ-साथ अन्य तल के आवासों का आबंटन किया जाएगा। नगर निगम ने सभी पात्र हितग्राहियों, जिनके नाम सूची में दर्ज हैं, से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हों और आवास आबंटन का लाभ उठाएं।

## सामाजिक समरसता और लचीलापन मनवा कुर्मी समाज की पहचान : विजय बघेल



**उतई,21 जनवरी।** मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग ने मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज मेंसामाजिक समरसता और लचीलापन मनवा कुर्मी समाज की पहचान है उक्ताशय के उदगार सांसद विजय बघेल ने मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई दुर्ग के वार्षिक अधिवेशन शंकर नगर स्थित छात्रावास भवन में मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त की

उन्होंने कहा कि इसी के कारण समाज में कई कई रूढ़िवादी परंपराएं हटाई जा सकी है, उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में समाज के लोगों के योगदान को भी इस मौके पर याद किया साथ ही नगर इकाई की मांग पर उन्होंने डोमशेड निर्माण कार्य हेतु यथा संभव राशि की अनुशंसा का आश्वासन दिया। विशेष अतिथि डॉ एस एन मढ़रिया न्यूरोसर्जन ने अपने चिकित्सकीय जीवन को बड़ों के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा का प्रतिफल बताया। उन्होंने दुर्ग शहर में समाज की एक जुटता की प्रशंसा की।कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा राज प्रधान दुर्ग ने खचाखच भरे हॉल को देख कर इकाई की सक्रियता की प्रशंसा की, उन्होंने समाज के ऐसे परिवारों को जो सामाजिक गतिविधियों से दूर रहते हैं उन्हें अभियान चला कर सक्रिय करने तथा वार्षिक शुल्क जमा कराने पर बल दिया। नगर इकाई अध्यक्ष रोशन वर्मा ने स्वागत भाषण व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया वहीं छात्रावास समिति का प्रतिवेदन धरम वर्मा ने प्रस्तुत किया एवं कोषाध्यक्ष ने आय व्यय की जानकारी दी इसके पहले कार्यक्रम क प्रथम सत्र में बच्चो तथा महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों दी एवं खेलकूद प्रतियोगिता हुआ। समाज द्वारा वर्ष 2026 का मनवा श्री शिखर सम्मान ग्राम लिमतरा निवासी डॉ सत्य नारायण मढरिया को प्रदान किया गया। डॉ मढरिया छत्तीसगढ़ के प्रथम पंक्ति के न्यूरोसर्जन हैं। वे अब तक 15000 से अधिक न्यूरोसर्जरी कर चुके हैं साथ ही इंडियन मेडिकल काउंसिल के सदस्य भी हैं वहीं विशिष्ट सम्मान अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण कार्यकर्ता व पत्रकार रोमशंकर यादव, निरंतर समाज सेवा हेतु श्रीमती अन्नपूर्णा मढ़रिया, पेंशनरों के हित में कार्य करने के लिए भूपेंद्र कुमार वर्मा तथा एससी, एसटी,ओबीसी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल वर्मा को इन वर्गों के बीच कार्य करने के लिए विशेष सम्मान दिया गया। साथ पीएससी 2025 में चयनित प्रतिभाओं स्वप्निल वर्मा, सुनील कुमार कश्यप, टेसूकांत वर्मा,सागर वर्मा, साक्षी वर्मा तथा प्रभा कश्यप का शाल श्रीफल तथा स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।समाज द्वारा संचालित छात्रावास भवन में रहकर पढ़ाई पूरी कर शासकीय सेवा से जुड़े युवकों ,दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जाकर गतिविधियों की जानकारी देने तथा सदस्यता अभियान पूरी करने योगदान देने वाले क्षेत्र प्रधानों का भी सम्मान किया गया।बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को नकद राशि सहित स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी प्रकार अलग अलग खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों क्रमशः सरिता परगनिहा, मोनिका वर्मा, मंजू वर्मा, नीता वर्मा, किरण वर्मा, सविता वर्मा, पुष्पा बंछोर को पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम का संचालन कौशल वर्मा,धरम वर्मा तथा हरि वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मन्नू लाल परगनिहा, तेज बहादुर बंछोर, गजानंद वर्मा, बी के मढ़रिया, के के वर्मा, डी के मंडरिक, हिम्मत वर्मा, दिनेश वर्मा,खड़ानन्द वर्मा, डी एल वर्मा, मेघनाथ वर्मा, महिला इकाई अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी, किरण वर्मा, दुलारी वर्मा, अनुसुइया वर्मा, जानकी वर्मा, सीमा वर्मा, सरिता वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

**समाचार संक्षेप**

### अल मदद सोसाइटी की पहल पर युवाओं ने किया रक्तदान



**भिलाई, 21 जनवरी।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में लाइफ केयर ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ ग्रंथालय सेक्टर-7 में किया गया। प्रमुख रूप से रक्तदान करने वालों में सैयद जमशेद अली, आरिफ खान, फारुक शेख, शाहिद शेख, फहीम शेख, आसिम अंसारी, सगीर खान, सैयद सकलैन और जाहिद इमरान अमनदीप सहित अन्य शामिल हैं। सोसाइटी की तरफ सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। शिविर के आयोजन में अशरफ अली और अल मदद सोसाइटी की सेक्रेटरी कौसर खान का विशेष सहयोग रहा।

### 42 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन



**भिलाई, 21 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं एमएसएमई रसमड़ा के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित 42 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 19 जनवरी को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 नवंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक सीएसआर कार्यालय, सेक्टर-5 में संचालित किया गया। कार्यक्रम में 29 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वस्त्रों की कटिंग, सिलाई, डिजाइनिंग एवं फिनिशिंग से संबंधित व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं लघु उद्यम के लिए सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन प्रशिक्षिका श्रीमती परमिंदर कौर द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ व्यावसायिक समझ भी प्रदान की। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे, उप प्रबंधक के.के. वर्मा, एमएसएमई सेंटर प्रभारी अभिनव दास सहित सीएसआर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### निगम क्षेत्र से अयोध्या धाम के लिए 7 श्रद्धालु हुए रवाना



**भिलाई, 21 जनवरी।** शासन द्वारा नागरिकों को श्री रामलला के दर्शन हेतु निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम भेजा जा रहा है, ताकि नागरिकों को सहज एवं सुलभ रूप से भगवान श्रीराम के दर्शन का लाभ मिल सके। इसी क्रम में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में निगम परिसर से 7 श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इनमें राकेश मरकाम, कविता, रुखमणी यादव, रामबाई यादव, लुकेश कुमार, गीता देशमुख एवं अलिभा मोहंती शामिल हैं। श्रद्धालुओं के साथ निगम के सहायक ग्रेड-3 शशिभूषण मोहंती को अनुरक्षक के रूप में नियुक्त कर भेजा गया है। सभी श्रद्धालुओं को निगम की बस से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया, जहां से वे योजना अंतर्गत संचालित विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं का फूल-माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, समाज कल्याण विभाग से त्रिलोक ताम्रकार, सुखराम यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बहला फुसलाकर फिर एक नाबालिग लड़की से दो लोगों ने किया दुष्कर्म



**डोंगरगढ़ 21 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बोरतलाव - नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर दो आरोपियों के द्वारा उससे दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित के परिजन प्रार्थी ने 18 जनवरी को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे से उसकी नाबालिक बेटी घर पर नहीं थी जिसकी आस पास रिश्तेदारों में पता किया तो पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर कहीं ले गया है। जिसके बाद रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था और मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देश पर एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में गुम नाबालिक के पता तलाश के लिए टीम रवाना किया गया जिसमें पीड़िता को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में आर्यन डकहा से रात्रि में बरामद किया गया पीड़िता से पूछताछ करने पर बताया गया कि दुर्ग के भूषण साहू से सोशल मीडिया के माध्यम से परिचय हुआ जो 12 जनवरी को डोंगरगढ़ में मुलाकात करने बुलाया था और दुष्कर्म कर दुर्ग स्टेशन में छोड़ दिया गया था। कुछ दिन दुर्ग स्टेशन में रही और वापस घर आ रही थी तब 17 जनवरी को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में आर्यन डकहा मिला जो उसे बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं पर्याप्त सबूत पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, एएस आई गोकुल सोनकर आरक्षक नितिन यादव, गौतम सिंह गोवर्धन कंवर एवं थाना डोंगरगढ़ से म आर नेहा बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।

### शराब कोचियों के विरुद्ध चौकी मोहारा पुलिस की कार्रवाई

**डोंगरगढ़ 21 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोहारा - अवैध शराब बिक्री के रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जय वीरा ढाबा से आरोपी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में चौकी मोहारा पुलिस के हाथ सफलता लगी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा के नेतृत्व में मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी को जय वीरा ढाबा से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने पर आरोपी चैतराम उर्फ गब्बर कुर्रे पिता सुखालू उम्र 56 साल निवासी ग्राम लखागढ़ थाना पिथौरा जिला महासमुंद हाल पता जय वीरा ढाबा भंडारपुर जिला राजनांदगांव के पास से 21पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 09 पौवा जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं 4 पौवा सिंडिकेट व्हिस्की कुल मात्रा 6.12 बल्क लीटर कीमती लगभग 3240 रूपये जप्त कर एवं अवैध शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा , स उ नि सुमन कर्ष, प्रधान आर.महादेव साहू, आरक्षक मनी ठाकुर, विनोद वर्मा , मनोज वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

**राजनांदगांव 21 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2026 को आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए मेरा भारत मेरा वोट थीम निर्धारित किया गया है। इसका टैग लाईन इंडियन सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां मेरा भारत मेरा वोट थीम करने के निर्देश दिए हैं।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी देशसेवा की मिसाल बने पूर्व सैनिक, नि:शुल्क प्रशिक्षण से गढ़ रहे युवाओं का भविष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 जनवरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े कर्मठ सिपाही यह साबित कर रहे हैं कि देश सेवा केवल वर्दी तक सीमित नहीं होती। भारतीय सेना में अपने जीवन के लगभग 30 वर्ष देश को समर्पित करने के बाद सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर तिरुपति राव व सूबेदार मेजर झनक लाल विश्वकर्मा आज भी पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ राष्ट्र निर्माण में जुटे हुए हैं। डोंगरगढ़ स्थित योद्धा फिजिकल डिफेंस एकेडमी के माध्यम से ये दोनों पूर्व सैनिक युवक-युवतियों को प्रतिदिन निःशुल्क शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इनका उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि युवाओं के मन में अनुशासन, आत्मविश्वास और देश सेवा की भावना को मजबूत करना है। उम्र को दरकिनार करते हुए यह दोनों जांबाज रोजाना सुबह 5 बजे नेहरू कॉलेज स्टेडियम पहुंचकर युवाओं को फिजिकल ट्रेनिंग कराते हैं। दौड़, व्यायाम, ड्रिल के साथ-साथ उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। इसके अतिरिक्त डिफेंस सेवाओं की लिखित परीक्षाओं की भी नियमित तैयारी कराई जा रही है। इस वर्ष एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर 12 युवाओं का चयन सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ पुलिस, भारतीय सेना, सीआईएसएफ असम राइफल, आईटीबीपी, फॉरेस्ट, होम गार्ड, शिक्षक, फूड इंस्पेक्टर, अग्निवीर सहित विभिन्न डिफेंस सेवाओं में हुआ है, जो इस प्रयास की सफलता को दर्शाता है। खास बात यह है कि इस प्रशिक्षण का लाभ वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियां भी लगातार ले रहे हैं, जो रोजाना मेहनत और लगन से अभ्यास कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी युवाओं को करा रहे है। पूर्व सैनिकों द्वारा किया जा रहा यह कार्य न केवल युवाओं के भविष्य को संवार रहा है, बल्कि समाज में देशभक्ति और सेवा भावना को भी नई दिशा दे रहा है। निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा यह प्रयास वास्तव में एक बड़ी देश सेवा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रहा है।




### 69वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आंध्र में

# मड़ियान स्कूल की तीन बालिकाओं का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन,क्षेत्र में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 21 जनवरी।** विकासखंड के वनांचल ग्राम मड़ियान स्थित शासकीय विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि एक ही विद्यालय की तीन बालिका खिलाड़ियों का 69वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता (कबड्डी) के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश के गुड़ीवाड़ा जिले में 20 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित है। 14 वर्ष आयु वर्ग की स्कूली कबड्डी स्पर्धा में कुमारी डेविना कंवर, कुमारी प्रीति कंवर और कुमारी चिंतेश्वरी मंडावी ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, फुर्ती, टीम वर्क और लगातार अभ्यास के बल पर राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है। इन बालिकाओं ने कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल में दमखम, रणनीति और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य एसबी कंवर, प्रधान पाठक हेमलाल चंद्रवंशी सहित शिक्षक राजेंद्र वर्मा, कमलेश तिवारी, अजीत टोप्पो, दौसिंह चौहान, चंद्रकांत डोंगरे, विजय ताम्रकार, राम मोहन द्विवेदी, हितेंद्र देवांगन, मंजू जोशी, मंजूषा देवांगन, आरती कुजूर, रेणुका खलखो, राजेश पांडे, लुकेश वर्मा, टोई दमाहे और जितेंद्र वर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों के इस सफर में खेल शिक्षक और प्रशिक्षक हरीश साहू तथा रघुनंदन चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने तकनीकी प्रशिक्षण, फिटनेस और मैच अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस सफलता को सराहा गया। सरपंच टुम्मन मंडावी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रामसाय मंडावी सहित ग्राम के भुनेश्वर चंद्रवंशी, पंचराम कोसा, पलट मंडावी, माखन साहू, गणेश साहू और रीवा चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना न केवल इन बालिकाओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा बनेगा।

# सिमगा नगर में बह रही रामकथा रस की धारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 21 जनवरी।** नगर के सरोपी तालाब स्थित प्राचीन चिंताहरण हनुमान मंदिर में भगवती महिला रामायण मंडली एवं भक्त जनों के सहयोग से नव दिवसीय, रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस मंगल कलश यात्रा,वेदी पूजन, अराधना, मंगलाचरण, द्वीतिय दिवस सती शिव चरित्र, शिव पार्वती विवाह, तृतीय दिवस नारद मोह कथा चतुर्थ दिवस राम जन्मोत्सव पंचम दिवस सीताराम विवाह महोत्सव षष्ठी दिवस वन गमन,केंवट प्रसंग,भरत चरित्र, सप्तम दिवस बाली वध,सीता खोज, लंका विजय अष्टम दिवस राम राज्याभिषेक,यज्ञ पूर्णाहुति,कथा निवेदन चढोत्री सहस्त्र धारा स्नान, प्रसाद वितरण, महाआरती का आयोजन रखा गया है समिति द्वारा सभी धर्म प्रेमीयो से कार्यक्रम में बढ चढकर शामिल होने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# मनरेगा बचाव अभियान के तहत सिमगा ब्लाक के पांचों मंडल में पदयात्रा का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 21 जनवरी।** नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंग रिंकू भाटिया द्वारा आज सोमवार 19 तारीख से मनरेगा बचाव अभियान के तहत सिमगा ब्लाक के पांचों मंडल में पदयात्रा का आयोजन किया गया है जिसके तहत आज ढेकुना मंडल अंतर्गत ग्राम दरचुरा, अकलतरा, गणेशपुर, विश्रामपुर एवं चौरेंगा में पदयात्रा कर मनरेगा बचाव अभियान का शुभारंभ किया गया ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम आज 19 तारीख से शुरू होकर लगातार 10 दिनों पदयात्रा करते हुए 29 तारीख को सिमगा के समीप दुलदुला ग्राम पंचायत में समापन किया जाएगा,आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व छाया विधायक सुनील माहेश्वरी ने झंडी दिखाकर पदयात्रा रथ को रवाना किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष रिंकू भाटिया,राजमहंत जगमोहन मार्कंडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर किसान नेता अय्यूब खान, प्रथम छात्र संघ अध्यक्ष सोनू भोंसले, पार्षद याकूब भाई,परदेशी सोनकर , पूर्व एल्डरमैन हीरेंद कोशले, पूर्व पार्षद अशोक देवांगन, राहुल शर्मा, संजय कोशले,राजा तिवारी विक्रम पाण्डेय,यश शर्मा,यश मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना से संवरी कसियारा की साधो बाई की गृहस्थी

■ **आशियाना मिलने से बदली साधो बाई की तकदीरः अब न बारिश का डर, न जहरीले कीड़ों का खौफ**

**बलौदाबाजार भाटापारा, 21 जनवरी।** जिले के ग्राम पंचायत कसियारा निवासी साधो बाई पटेल के लिए आज का सूरज एक नई उम्मीद और सुकून लेकर आया है। वर्षों तक कच्चे मकान की असुरक्षा में जीवन काटने के बाद, अब प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके सिर पर पक्की छत का सपना साकार कर दिया है। यह मकान केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि साधो बाई के लिए स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक बन गया है। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए साधो बाई बताती हैं कि पहले का जीवन बेहद कष्टदायक था। मिट्टी की दीवारों और कच्ची छत के कारण बारिश के दिनों में घर के भीतर पानी टपकता था, जिससे न केवल गृहस्थी का सामान खराब होता था, बल्कि मेहनत से जुटाया गया राशन भी भीग जाता था। इतना ही नहीं, कच्चे घर में हमेशा जहरीले कीड़े-मकोड़ों का भय बना रहता था। कड़ाके की ठंड में रूह कंपा देने वाली सर्द हवाएं घर के भीतर तक प्रवेश कर जाती थीं, जिससे रातें काटना दूभर हो जाता था और पूरा जीवन अस्त-व्यस्त रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने के बाद अब उनके जीवन की ये सभी परेशानियां बीते कल की बात हो गई हैं। साधो बाई अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक परिवेश में रह रही हैं, जहाँ न तो उन्हें बारिश का डर है और न ही ठंड की चिंता। इस बड़ी राहत के लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि सरकार की इस योजना ने उनके जैसे गरीब परिवारों को न केवल छत दी है, बल्कि जीने का एक नया आधार भी प्रदान किया है।



# भौतिक सत्यापन उपरांत ही टोकन अनुसार किसानों से धान खरीदी हो: कलेक्टर




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,21 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए दूसरे और तीसरे टोकन में धान का भौतिक सत्यापन पारदर्शितापूर्वक कराने के उपरांत ही किसानों से धान खरीदी करने तथा बिचौलियों पर सखूती से कार्यवाही के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण कार्य है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में अब तक सुचारु रूप से धान खरीदी संचालित हो रही है। अंतिम 10 दिनों में बिचौलिए अवैध धान खपाने की कोशिश करेंगे जिसे नाकाम करना है। उन्होंने कहा कि सत्यापन में धान नहीं मिलने पर टोकन निरस्त कराएं। इसीतरह कम धान होने पर रकबा समर्पण कराएं। उन्होंने एसआईआर अंतर्गत नो मैपिंग, लॉजिकल रीजनिंग एवं अन्य प्रकार के दावा -आपत्ति की सुनवाई नियमानुसार एवं तय समय पर पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व प्रकारणो की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 से 5 वर्ष के लंबित प्रकारणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रारकणों का तेजी से निराकरण करने कहा। कोर्ट नियमित रूप से लेने के निर्देश भी दिये।इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, कलेक्टर जनदर्शन, समय -सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 21 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 20.01.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रसेडी घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3500 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने किया लोकार्पण

# बलौदाबाजार में मरीन ड्राइव की तर्ज पर चौपाटी की हुई शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 21 जनवरी।** बलौदाबाजार में राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव की तर्ज पर चौपाटी की शुरआत हुई जो इसे शहरी पहचान दिलाएगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सोमवार को विधिवत पूजा -अर्चना कर बलौदाबाजार चौपाटी का लोकार्पण किया। लोकार्पण के साथ ही फीता काट कर चौपाटी का उद्घाटन किया गया और आमजनों के लिये खोल दिया गया।शहर के हृदय स्थल स्वामी विवेकानंद सरोवर के किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा सुन्दर और आकर्षक चौपाटी विकसित किया गया है। इसके साथ ही सरोवर का सौन्दर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य भी किए गए हैं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा सकारात्मक सोच के साथ चौपाटी विकसित किया गया है जो शहर के लिये उपलब्धि है। इस चौपाटी में शहरवासी मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ ले सकेंगे। चौपाटी को बहुत ही सुंदर बनाया गया है लेकिन इसकी सुंदरता बनाए रखने के लिये साफ सफाई का ध्यान रखना होगा।उन्होंने कहा कि आज बलौदाबाजार विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। विकास के लिये सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर अपने चिर परिचित अंदाज में प्रसिद्ध छत्तीसगढी गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया।तकनिकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि रायपुर की तर्ज पर बहुत ही सुंदर चौपाटी विकसित की गई है जहां एक ही स्थान पर मनोरंजन व अनेक व्यंजन उपलब्ध होगा। बलौदाबाजार नगर तेजी से विकास हो रहा है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने सबका सहयोग जरुरी है। इसके पूर्व मंत्री द्वय ने चौपाटी का भ्रमण कर स्टॉलो और दुकानों का अवलोकन किया और लोगों की प्रतिक्रिया भी जानी। उन्होंने लोगों से चौपाटी का आनंद लेने और स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की।

फूड जोन और चिल्ड्रेन प्ले एरिया- चौपाटी में एक आधुनिक फूड स्टॉल और रेस्टोरेंट विकसित किए गए हैं जिसमें एक दर्जन से अधिक स्टॉल है। इसके अलावा, बच्चों के लिए चिल्ड्रन प्ले एरिया में झूले और अन्य मनोरंजन साधन उपलब्ध कराए गए हैं।चौपाटी में सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए पार्किंग की व्यवस्था, फ्लोटिंग फाउंटेन, सेल्फी प्वाइंट और फ्लोटिंग जेट्टी जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं। इसके अलावा, चौपाटी में कांक्रीट सड़क और लॉन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई है। इस चौपाटी के शुरू ही जाने से शहरवासियो को मनोरंजन का एक नया केन्द्र मिल गया है। युवा और बच्चे मनोरंजन के लिये वहीं बुजुर्ग सरोवार के चारों तरफ बने पाथ-वे में वाकिंग के लिये आ सकते हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा,लक्ष्मी बघेल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले सहित पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## ईडी पर दबाव बढ़ाने के लिए की जा रही कार्रवाई

अभी तक ईडी किसी राज्य में जांच के लिए छापा मारती थी कम से कम राज्य सरकारें खास कर गैर भाजपा सरकारें उसके काम में भीतर जाकर हस्तक्षेप नहीं करती थी, कांग्रेस शासित राज्यों में जरूर कांग्रेस किसी कांग्रेस नेता के यहां छापा मारने पर जांच स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन करती थी। कोई भीतर जाकर ईडी के काम में दखलंदाजी नहीं करता था। ईडी की कार्रवाई के विरोध में राजनीतिक बयानबाजी जरूर होती थी और ईडी की कार्रवाई को बदले की कार्रवाई या पार्टी को बदनाम करने की कार्रवाई कहा जाता था। ईडी के हर छापे को गलत ठहराने का प्रयास गैर भाजपा दल करते रहे हैं। इससे ईडी के काम में कोई बाधा नहीं पहुंचती थी, ईडी कहीं छापा मारने के बाद अपना काम करती रहती थी और बाहर राजनीतिक दल विरोध करते रहते थे। पं.बंगाल से छापे का जैसा विरोध इस बार हुआ ऐसा विरोध देश के किसी राज्य में नहीं हुआ था और ईडी मामले को हाईकोर्ट ले गई तो टीएमसी ने वहां सुनवाई नहीं होने दी तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पं.बंगाल सरकार को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है और इस तरह की कार्रवाई को गंभीर संकट बताया है और कहा है कि इस मामले से कई तरह से सवाल उठे हैं। उसका जवाब ढूंढना जरूरी है ताकि किसी राज्य में फिर केंद्रीय एजेंसी की जांच में कोई राज्य सरकार किसी भी तरह से कोई बाधा न डाल सके। पं.बंगाल के मामले की चर्चा अभी चल ही रही है कि रांची से खबर आ गई कि रांची पुलिस ने ईडी के कार्यालय में छापा मारा है। छापा इसलिए मारा है कि झारखंड सरकार के पूर्व कर्मचारी संतोष कुमार की ओर से एयरपोर्ट थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार 12 जनवरी को ईडी ने उनको कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया और जुर्म कबूल करने के लिए दबाव बनाया और मारपीट की जिससे उसका सिर फट गया।संतोष कुमार की एफआईआर के बाद रांची पुलिस ने ईडी के कार्यालय में छापा मारा तो ईडी इस मामले को हाईकोर्ट ले गई तो हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि ईडी कार्यालय में पुलिस की छापेमारी पूर्व नियोजित लगती है। इसी के साथ अदालत ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ या बीएसएफ तैनात करने को कहा है। अदालत ने यह भी कहा है कि यदि ईडी कार्यालय या उसके अधिकारियों की सुरक्षा में कोई चूक होती है तो उसके लिए एसएसपी रांची को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।इसी के साथ ईडी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच पर भी रोक लगा दी है। झारखंड सरकार के कर्मचारी के खिलाफ ईडी जांच कर रही है। उस पर 22 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप है। इस मामले में ईडी 9 करोड़ रुपए बरामद कर चुकी है। ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए संतोष कुमार का उपयोग किया गया है और मामले को कानूनी कार्रवाई शक्ल देने की कोशिश की गई है। ईडी ने इससे पहले झारखंड के सीएम के खिलाफ भी जांच की थी और उनको गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। झारखंड के सीएम ने ममता की तरह सीधे ईडी के टकराव लेने की जगह अपने कर्मचारी का उपयोग किया है। लेकिन वह इस सच को नहीं छिपा सके कि ईडी की कार्रवाई को रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पं. बंगाल में सीएम ममता को बाद सुप्रीम कोर्ट ने अंदेशा जताया भी था कि आज पं. बंगाल में ईडी की कार्रवाई को रोकने के लिए ऐसा किया गया है तो कल को दूसरे राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर ईडी की कार्रवाई रोकने के लिए कुछ कर सकते हैं और रांची में ऐसा हो भी गया है। ऐसा नहीं है कि ईडी का गठन मोदी सरकार ने किया है, उसका गठन तो कांग्रेस के समय ही किया गया है। उसने कांग्रेस के समय भी कई मामलों की जांच की है लेकिन मोदी सरकार के समय ईडी ज्यादा सक्रिय है। ऐसा भी नहीं हैं कि सिर्फ राजनीतिक दलों के नेताओं के खिलाफ जांच करती है,उसने कई औद्योंगिक घरानों, बड़े उद्योगपति के खिलाफ भी छापेमारी की है और कार्रवाई की लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा तब होती है जब किसी सरकार या किसी राजनीतिक दल के नेताओं के खिलाफ जांच करती या छापा मारती है। राजनीतिक ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट भी गए थे ताकि वह जैसा काम कर रही है, वैसा काम न कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को काम करने से नही रोका। कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि ईडी जैसा काम कर रही है, वैसा काम वह करे। इसीलिय वह कई तरह से ईडी पर दबाव बनाने का प्रयास समय समय पर करते हैं।

### विश्लेषण

# समय की पुकार : सूफ़ी विचारों का प्रसार

**निर्मल रानी**



आज लगभग पूरी दुनिया स्वार्थ,नफ़रत,ईर्ष्या,विद्वेष,धार्मिक व जातीय मतभेद,वर्चस्व व विस्तारवाद की आग में जल रही है। धर्म,जाति,भाषा वर्ग व समुदाय के आधार पर लोग एक दूसरे की जान के दुश्मन बने हुये हैं। ऐसे ख़तरनाक माहौल में केवल संतों व फ़क़ीरों की शिक्षा उनके दिखाये गये मानवतावादी रास्ते,उनके परोपकारी विचार व उनकी संगत ही समाज को सद्मार्ग दिखा सकती है। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के दरबार में गत 66 वर्षों से आयोजित होता आ रहा सप्ताह भर चलने वाला यह सर्व धर्म समागम एक ऐसा ही प्रयास है जहाँ हर धर्म व हर जाति के लोग प्रत्येक आस्था व विश्वास के लोग क्या अमीर तो क्या ग़रीब, सभी समान रूप से शिरकत करते आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष इसी अवसर पर रामायण व भागवत गीता का अखंड पाठ आयोजित होता है साथ ही पवित्र गुरु ग्रन्थ साहब का अखंड पाठ भी रखा जाता है। इतना ही नहीं बल्कि प्रत्येक वर्ष उर्स-ए-मुबारक के अंतिम दो दिनों में यानी 19 व 20 जनवरी की रात सूफ़ी संगीत व क़व्वाली की महफ़िल भी सजाई जाती है। इस पवित्र स्थान की संस्थापक मर्द - ए -क़लन्दर माता राम बाई अम्मी हुज़ूर जी का जीवन परोपकार,सर्वधर्म समभाव व मानवतावादी मूल्यों पर आधारित था। अम्मी हुज़ूर जी संतों व फ़क़ीरों की शिक्षाओं का अनुसरण करने वाली एक सच्ची व आदर्शवादी फ़क़ीर थीं। और आज अम्मी हुज़ूर जी के वारिस व गद्दी नशीन शहज़ादा पप्पू सरकार द्वारा इसी सिलसिले व रिवायत को शानदार तरीक़े से अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। अपने निजी व्यापार तथा पारिवारिक व्यस्तताओं को छोड़ कर शहज़ादा पप्पू सरकार जी गत् चालीस वर्षों से भी लंबे समय से पूरे समर्पण,श्रद्धा तथा विश्वास के साथ अपनी गद्दीनशीनी का कर्तव्य निभाते हुए अम्मी हुज़ूर तथा सख़ी सरवर बाबा सख़ी चंद जी के सपनों को साकार करते हुए इस स्थल को चंडीगढ़ के एक सबसे विशाल,आकर्षक तथा सर्वधर्म समभाव के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किए जाने के प्रयास में लगे हुये हैं। उनका मानना है कि ईश्वर-अल्लाह,वाहेगुरू तथा गॉड सभी एक ही सर्वोच्च सत्ता के अलग-अलग नाम हैं। राम दरबार की परंपरा किसी भी व्यक्ति में विराजमान 'मैं ही मैं' को समाप्त कर 'तू ही तू' के विचारों को धारण कराने की है। 'तू ही तू' राम दरबार का मुख्य वाक्य भी है। राम दरबार की शिक्षाएं सभी धर्मों के आम लोगों को अंधविश्वास,पाखंड आदि से मुक्त कराती हैं। राम दरबार न केवल धार्मिक वैमनस्य को समाप्त कर सांप्रदायिक सद्भाव बनाने का मार्ग दिखाता है बल्कि छूआछूत व जात-पात जैसी प्राचीन विघटनकारी दक़ियानूसी परंपराओं को समाप्त करने की दिशा में भी कार्य करता है। सहभोज या सामूहिक लंगर व भंडारा इसी दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक क़दम हैं। सप्ताह भर चलने वाले इस पूरे आयोजन में सभी धर्मों के लोगों का एक साथ मिल-बैठ कर किसी धार्मिक समागम में शिरकत करना जहां अपने-आप में एक अनूठा प्रयास है बल्कि यह इस समय पूरे देश व दुनिया की सबसे बड़ी ज़रूरत भी है। आज जहां हमारे देश में अनेक ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं जो लोगों को धर्मों व जातियों के नाम पर लड़वा रही हैं। वहीं शहज़ादा पप्पू सरकार की गद्दीनशीनी में संचालित होने वाला राम दरबार, भारत का एक ऐसा गौरवपूर्ण स्थान है जहाँ हर धर्म व समुदाय के लोग पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ अपने शीश झुकाते हुए नज़र आते हैं। राम दरबार एक ऐसा स्थान है जहाँ विभिन्न धर्मों,आस्थाओं तथा विश्वासों को लेकर टकराव अथवा विवाद की बात नहीं होती बल्कि यहां मानवता का संदेश दिया जाता है। यहाँ धर्म की रूढ़िवादी व अतिवादी मान्यताओं से अलग हटकर सहनशीलता,मानवता, प्रेम,सद्भाव तथा परस्पर भाईचारे को सबसे अधिक अहमियत दी जाती है। राम दरबार के भक्तगण एक-दूसरे के खाने,पहनने,उसके धार्मिक पूर्वाग्रहों पर न तो चर्चा करना चाहते हैं न ही इन्हें परस्पर विवाद या चर्चा का विषय समझते हैं।

शहज़ादा पप्पू सरकार इस आयोजन के संबंध में फ़रमाते हैं कि चूंकि मानवता धर्म से कहीं ज़्यादा बड़ी चीज़ है इसलिए सभी धर्मों के लोगों को अपने-अपने धर्म के उसी स्वरूप को मानना चाहिए तथा उन बातों पर अमल करना चाहिए जो हमें मानवता, प्रेम,सद्भाव,सहयोग तथा भाईचारे की सीख देती हों। यदि किसी भी धर्म का मानने वाला कोई भी व्यक्ति धार्मिकता का चोला लपेटकर समाज में ज़हर फैलाए,समाज को धर्म के नाम पर विभाजित करने की कोशिश करे,देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटने या तोड़ने की कोशिश करे,धर्म के नाम पर हिंसा,आगज़नी,हत्या तथा लूटपाट को प्रोत्साहित करे या धर्म को धन संग्रह करने का धंधा बनाये, ऐसा व्यक्ति धार्मिक कहने योग्य ही नहीं है। देश के अमनपसंद लोगों को ऐसे फ़िरक़ा परस्त व सांप्रदायिकतावादी,लोभी,स्वार्थी ,दुराचारी तथा व्याभिचारी क़िस्म के तथाकथित स्वयंभू धर्मगुरुओं से दूर रहना चाहिए। और एक सच्चे व अच्छे इंसान को हमेशा यही कोशिश करनी चाहिए कि वह प्रत्येक माध्यम से संसार में मानवता व भाईचारे की शमा रौशन करे। दरबार की संस्थापक मर्दे क़लन्दर अम्मी हुज़ूर के तेज, उनके प्रताप व चमत्कारों से जहां चंडीगढ़ के आम लोग, प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता,अनेक राजघरानों के लोग,बुद्धिजीवी व उद्योगपति वर्ग के लोग प्रभावित होते थे वहीं मुंबई की फ़िल्म नगरी के अनेक प्रमुख लोग भी राम दरबार के मोह से अछूते नहीं रहे। अम्मी हुज़ूर जी द्वारा सर्वधर्म संभाव व सांप्रदायिक सौहार्द्र की मशाल रौशन करने का फ़िल्म जगत के लोगों पर इतना प्रभाव पड़ा कि न केवल दरबार में विशेष हाज़िरी लगाने के लिये बल्कि जब कभी फ़िल्मी दुनिया के लोग अपनी फ़िल्म की शूटिंग के सिलसिले में भी चंडीगढ़ अथवा हिमाचल प्रदेश आते-जाते तो उनका पड़ाव राम दरबार ही रहता था। वे लोग राम दरबार में ही अम्मी हुज़ूर के सानिध्य में रहकर यहां का पवित्र व लज़ीज़ लंगर ग्रहण करते तथा बल्कि 'अम्मी हुज़ूर ' से अपनी फ़िल्मों की व शूटिंग की सफलता के लिए आर्शीवाद लेते तथा क़व्वालियाँ सुना करते थे। मर्द-ए-क़लन्दर माता राम बाई 'अम्मी हुज़ूर ' जी के फ़िल्म जगत के अनेक भक्तों में एक प्रसिद्ध अभिनेता दादा साहब फ़ाल्के अवार्ड विजेता प्रसिद्ध अभिनेता 'प्राण ' भी थे। सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति अम्मी हुज़ूर जी हमेशा चंडीगढ़ व आस पास प्रायः अपने निजी रिक्शे पर ही आना जाना पसंद करते थे। परन्तु अपने शिष्य शहज़ादा पप्पू सरकार जी के निवेदन पर उन्होंने दरबार में जब पहली कार लेने का विचार किया तो अभिनेता 'प्राण ' ने ही दरबार में पहली फ़िएट कार जून 1981 में' अम्मी हुज़ूर ' जी को तोहफ़े में पेश की थी । दरअसल आज हमारे देश को ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को किसी कट्टरपंथी विचारधारा या संकीर्णतावादी धर्म सोच या विश्वास की नहीं बल्कि मर्द - ए -क़लन्दर माता राम बाई अम्मी हुज़ूर जी जैसे मानवतावादी व परोपकारी फ़क़ीरों की सोच का अनुसरण करने की ज़रूरत है ताकि दुनिया में अमन शांति प्रेम भाईचारा व सद्भाव का पैग़ाम पहुँचाया जा सके। आज दरबार के गद्दीनशीन शहज़ादा पप्पू सरकार जी के अथक प्रयासों से अपने गुरु मर्द-ए-क़लन्दर माता राम बाई 'अम्मी हुज़ूर ' जी की स्मृति में बनाया जाने वाला चंडीगढ़ का यह आलीशान 'राम दरबार ' भवन व उनकी यादों को संरक्षित करने की कोशिशें रहती दुनिया तक लोगों को प्रेम सद्भाव भाईचारा व सामाजिक एकता का सन्देश देती रहेंगी।

### सू- दोकू क्र. 291

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.290 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

### शब्द सामर्थ्य - 291



### राशिफल

मेष राशि - महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफल होंगे आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज बिजनेस में नए कामों को लेकर बनाई योजनाओं पर काम होगा। सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। भूमि तथा वाहन से संबंधित व्यावसायिक गतिविधियों में सुधार आएगा। नौकरी में लक्ष्य व टारगेट को पूरा करने का दबाव बना रहेगा। अपने सहयोगियों की मदद से आप उसे हल करेंगे। आज अपने अनुभव से किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफल होंगे। आज विरोधी आपसे दुरी बनाकर रहेंगे।

वृष राशि - इस राशि के स्टूडेंट अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेंगे आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका स्वाभिमान और हिम्मत आपकी सबसे बड़ी संपत्ति साबित होगी। आपके इसी स्वभाव की वजह से घर तथा बाहर मान-सम्मान बना रहेगा। अनुभवी तथा जिम्मेदार लोगों का मार्गदर्शन आपको और अधिक मजबूत बनाएगा। इस राशि के स्टूडेंट अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेंगे। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। आज आपको कुछ नए जन संपर्कों से लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि - सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज पिछले कुछ गलतियों से सीख लेकर अपनी वर्तमान कार्य प्रणाली में सुधार लाएंगे। इससे आपको अपने कामों को उचित तरीके से करने में सहायता मिलेगी, आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। आज व्यावसायिक संबंधी गतिविधियां सामान्य ही रहेगी। सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। आज ऑफिस के काम सुचारू रूप से संपन्न होते रहेंगे।

कर्क राशि - आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवस्थित दिनचर्या रहने और उसके बेहतर परिणाम मिलने से मन में संतुष्टि का भाव बना रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में कुछ समय बीतेगा। किसी जन्मदिन या अन्य पार्टी में जाने का अवसर मिलेगा तथा लोगों से मेल मिलाप होगा। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि - आज वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी व्यवस्थित कार्यप्रणाली के बेहतर परिणाम मिलने वाले हैं, इसलिए खूब मन लगाकर मेहनत करेंगे। राजनीति में आपकी सक्रियता और वर्चस्व बढ़ेगा। साथ ही आप अपनी फिटनेस पर भी समय देगे। आज वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा करेगी। जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। आज बदलते वातावरण की वजह से सावधानी रखना अति आवश्यक है। दांपत्य जीवन तथा घर की व्यवस्था में मधुरता तथा आपसी सामंजस्य उचित रहेगा।

कन्या राशि - आज किसी परेशानी से मिलेगी मुक्ति आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अगर घर में रख-रखाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो उसमें वास्तु के नियमों का अवश्य प्रयोग करें। इस समय आपकी समस्या हल हो सकती है। पारिवारिक तथा सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व भी रहेगा और लोग आपकी सलाह को महत्व देंगे। आज जीवनसाथी व परिवार जनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। पहले से चली आ रही उलझन आज ख़त्म होगी।

तुला राशि - रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीकों को और बेहतर बनाने के लिए बहुत मेहनत और एकाग्रता की जरूरत रहेगी। मुश्किल वक्त में किसी काबिल इंसान की सलाह लेना अच्छा रहेगा। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को यात्रा करनी पड़ सकती है। आज पारिवारिक वातावरण खुशनुमा और सौहार्दपूर्ण रहेगा।

वृश्चिक राशि - आज धार्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। घर तथा व्यवसाय दोनों जगह उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे तथा व्यक्तिगत कार्यों के लिए भी समय निकालने में सफल रहेंगे। व्यक्तिगत रिश्ते में घनिष्ठता आएगी। बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद व स्नेह से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज बिजनेस करने वालों के लिए समय अच्छा है। संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में समय बिताएंगे। आज ऑफिस से संबंधित कार्यभार की अधिकता बनी रहेगी। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा।

धनु राशि - दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में किसी काम को कल पर न टालकर सही समय पर काम शुरू करने की कोशिश करेंगे तो आपको ज्यादा लाभ होगा। आपकी व्यवस्था बनी रहेगी और इनकम भी बढ़ेगी। स्टाफ और कर्मचारियों का भी सहयोग व्यावसायिक गतिविधियों को और अधिक उत्तम बनाएगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे।

मकर राशि - आज परेशानियों का होगा अंत आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज आपकी किसी योजना को मूल रूप मिलने वाला है। इसलिए अपने प्रयासों में कमी न आने दे। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय जरूर देंगे। इससे आप शारीरिक और मानसिक रूप से सकारात्मक बने रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा का भी प्लान बन सकता है। निजी जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

कुंभ राशि - नौकरी कर रहे लोगों के ऑफिस का वातावरण खुशनुमा रहेगा आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज मार्केटिंग संबंधी काम पूरा करने पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज सभी व्यवसायिक काम सुचारू रूप से होते जाएंगे, इसलिए अपनी पूरी मेहनत व ध्यान अपने कामों पर ही केंद्रित रखें। नौकरी कर रहे लोगों के ऑफिस का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आज जरूरत पडऩे पर किसी अनुभवी से सलाह लेना उचित रहेगा। ससुराल पक्ष के साथ रिश्ते मधुर बनाकर रखें। घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह का भी जरूर अनुसरण करेंगे।

मीन राशि - आज पारिवारिक गतिविधियों में अपना योगदान रखेंगे आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज इनकम बढ़ाने की दिशा में चल रही कोशिश सफल होने के योग है। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का समाधान निकलेगा। आज पारिवारिक गतिविधियों में अपना योगदान रखेंगे। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी दिनचर्या और खान-पान को संयमित ही रखें। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

### राजनीति

# मेरे प्रदेश की खूबसूरती के काले सच

**लेखन: जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़**



विंध्याचल सा भाल नर्मदा का जल जिसके पास है,
यहां ज्ञान विज्ञान कला का लिखा गया इतिहास है।
उर्वर भूमि, सघन वन, रत्न, सम्पदा जहां अशेष है,
स्वर-सौरभ-सुषमा से मंडित मेरा मध्यप्रदेश है।"

मेरे मध्य प्रदेश की जब में खूबसूरती देखता हु मेरे मन में ये मध्य प्रदेश गान की पंक्तियां आती हैं जो मेरी सब से पसंदिता पंक्तियों में से हैं।

अगर प्रकृतिन, नजर से देखे मध्य प्रदेश जैसा खूबसूरत राज्य मेरी नजर में तो कोई नहीं, विंध्याचल और सतपुड़ा जैसे पर्वत, मां नर्दम, ताप्ती, सोन और माही जैसी नदियां, और जब उनके ऊपर से गुजरो उनके बहते हुए जल को देख अनन्त आनंद आता हैं, जब ईस्टर्न मध्य प्रदेश के तरफ सफर करने का मौका मिलता हैं तो गहने जंगलों से गुजरते हुए ऐसा लगता जैसे इन जंगलों ने अपनी गोद में समा लिया हैं।

वन प्राणी के रहने के लिए इससे अच्छी कोई जगह हो सकती हैं क्या! नहीं ना तो ऐसे में इन सब वन और इससे जुड़ी हर नदी वन प्राणी का संरक्षण में कही से कही तक सरकार को कसर नहीं छोड़नी चाहिए ।

पर ऐसा होता नहीं हैं मध्य प्रदेश वन विभाग का कुल बजट 2025 –26 का लगभग 4,21,032 करोड़ हैं, पिछले साल की तुलना मैं सरकार ने 981 करोड़, 20% के करीब बढ़ोतरी की हैं जो कि भरपूर हैं प्रदेश के वन संरक्षक और यहां के वन जीवों को संरक्षक और बेहतर करने के लिए ।

पर जो पिछले कई समय से टाइगरों की अज्ञात मौतों की खबरें आ रही है वो मन को बोहोत दुःखी कर देती हैं और चिंता मैं डाल देती हैं, हिराडों की तस्करी का मामला हो, यह आवेश ढंग से सागौन पेड़ो की चोरी हो।

यह सब से पीड़ा पहुंचने वाला दृश्य तो जब सिंगरोली के जंगलों को कटते हुए देखा मन इत्ता विचलित हो गया

**ये मेरा प्रदेश क्या बन रहा।**

ग्वालियर चंबल से अशोकनगर गुना के रास्तों में हरियाते खेतों देख खुशी तो मिलती हैं किसान के एक एक पसीने की मेहनत फिर वही अखबारों मैं किसान की आत्महत्या मन को फ़िर विचलन में डाल देती हैं। उज्जैन महाकाल के दर्शन से मन और आत्मा मैं ऊर्जा और नया विश्वास अजाता हैं, पर शिप्रा का दूषित, गंदा जल दिल और आत्मा क्लिप उठती हैं।

पचमढ़ी धूपगढ़ की पहाड़ी पर जब में खड़ा होने पर अपने प्रदेश की खूबसूरती का आनंद ले रहा था तब वहा से नीचे आते समय स्थानीय आदिवासी की पीड़ा कैसे उनका जीवन खराब कर रही ये निजी कंपनी मन फिर बेचैन हो जाता हैं उनके बच्चों के उजड़ते सपने और परिवार को देख

मध्य प्रदेश मेरी आत्मा, तन,मन, दिल, में बसता हैं
इसमें ही जन्मा हु ,इसमें ही एक दिन विलिम हो जाऊंगा
प्रदेश की ऐसी बर्बरता से मन इत्ता टूट जाता हैं
जैसे खुद मेरा शरीर पीड़ा से झुझ रहा हो।

# गिलहरी प्रशंसा दिवस: प्रकृति के नन्हे माली और उनके संरक्षण का महत्व

**सुनील कुमार महला**



प्रत्येक वर्ष 21 जनवरी को विश्व स्तर पर 'स्क्विरल एप्रिसिएशन डे' (गिलहरी प्रशंसा दिवस) मनाया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2001 में उत्तरी कैरोलिना की वन्य जीव पुनर्वासकर्ता क्रिस्टी हारग्रोव द्वारा की गई थी। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य केवल इस चंचल जीव की सुंदरता की सराहना करना नहीं है, बल्कि जैव-विविधता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका, उनके पर्यावरणीय महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। गिलहरियाँ न केवल हमारे पार्कों और आंगनों की शोभा बढ़ाती हैं, बल्कि वे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में एक 'मूक सैनिक' की तरह कार्य करती हैं। भारतीय संस्कृति में गिलहरी को केवल एक जीव के रूप में नहीं, बल्कि भक्ति और समर्पण के एक महान प्रतीक के रूप में देखा जाता है। रामायण का वह प्रसंग अत्यंत प्रेरणादायक है जब भगवान श्रीराम की वानर सेना लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण कर रही थी। जहाँ विशाल वानर बड़ी-बड़ी शिलाएँ उठा रहे थे, वहीं एक नन्ही गिलहरी अपने सामर्थ्य अनुसार छोटे कंकड़, मिट्टी लाकर अपना योगदान दे रही थी। जब कुछ वानरों ने उसका उपहास किया, तब भगवान राम ने उसकी निष्काम सेवा और प्रयास को सराहा और प्रेमपूर्वक उसकी पीठ सहलाई। माना जाता है कि भगवान की उंगलियों के वे निशान आज भी गिलहरी की पीठ पर तीन धारियों के रूप में दिखाई देते हैं, जो यह सिखाते हैं कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता।

**हमारी पारिस्थितिकी के 'नन्हे माली':**-गिलहरियों को 'प्रकृति का माली' कहा जाता है, और इसके पीछे एक ठोस वैज्ञानिक कारण है। गिलहरियों की आदत होती है कि वे भविष्य के लिए बीज और मेवे (जैसे अखरोट या बादाम) ज़मीन में गाड़ कर छिपा देती हैं। अक्सर वे इन स्थानों को भूल जाती हैं, और यही 'भूल' प्रकृति के लिए वरदान साबित होती है। मिट्टी में दबे ये बीज अंकुरित होकर नए पौधों और पेड़ों का रूप ले लेते हैं, जिससे पुनर्वनीकरण (रि-फोरेस्टेशन) में प्राकृतिक रूप से मदद मिलती है। इसके अलावा, गिलहरियाँ हानिकारक कीटों और लार्वा को खाकर फसलों और पेड़ों की रक्षा करती हैं और स्वयं भी खाद्य श्रृंखला (फूड चेन) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो कई बड़े पक्षियों और वन्यजीवों का आहार बनती हैं।

**मलय (विशालकाय) गिलहरी: अस्तित्व पर संकट:**-गिलहरियों की विभिन्न प्रजातियों में रतुफा बाइकलर (मलय विशालकाय गिलहरी) विशेष स्थान रखती है। यह विश्व की सबसे बड़ी गिलहरी प्रजातियों में से एक है और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों (सिक्किम, असम, अरुणाचल, मेघालय आदि) में पाई जाती है। इसे 'वन स्वास्थ्य का संकेतक' माना जाता है, क्योंकि इसकी उपस्थिति एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण है। दुर्भाग्यवश, बढ़ते शहरीकरण, वनों की कटाई और पूर्वोत्तर भारत में प्रचलित 'झूम कृषि' (स्लांट एंड बर्न एग्रीकल्चर) के कारण इनका अस्तित्व खतरे में है। एक डरावना अनुमान यह है कि यदि आवास क्षति इसी तरह जारी रही, तो 2050 तक इनका अनुकूल क्षेत्र मात्र 2.94% ही शेष रह जाएगा। पिछले दो दशकों में इनकी आबादी में लगभग 30% की गिरावट दर्ज की गई है।

**संरक्षण का आह्वानः**-

आज के समय में औद्योगिकीकरण और प्रदूषण ने इन नन्हे जीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ दिया है। 'स्क्विरल एप्रिसिएशन डे' हमें याद दिलाता है कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल बड़े जानवरों या जंगलों तक सीमित नहीं है, बल्कि गिलहरी जैसे छोटे जीवों का संरक्षण भी उतना ही अनिवार्य है। हमें उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना चाहिए, उनके लिए भोजन और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण रूप से पेड़ों को कटने से बचाना चाहिए। गिलहरियों का संरक्षण वास्तव में हमारे वनों और हमारी भावी पीढ़ियों के पर्यावरण का संरक्षण है।

अंत में सार रूप में यही कहूंगा गिलहरी प्रशंसा दिवस हमें सिखाता है कि प्रकृति के चक्र में हर छोटा जीव जरूरी है। गिलहरियाँ न केवल पर्यावरण की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि अनजाने में बीज बोकर नए जंगल उगाने में 'नन्हे माली' की भूमिका निभाती हैं। आज बढ़ते प्रदूषण और जंगलों की कटाई के कारण उनका जीवन खतरे में है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम इन बेजुबान जीवों के प्रति दयालु बनें और पेड़ लगाकर उनके घरों को सुरक्षित रखें। गिलहरियों को बचाना दरअसल अपनी प्रकृति और भविष्य को बचाना है।

### भाजपा कार्यालय में जोरदार आतिशबाजी व ढोल-नगाड़े के साथ मनाई खुशियाँ, बांटी मिठाइयाँ

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 20 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्री नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला कार्यालय में आज मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी और मिठाई बाँट कर ढोल नगाड़े के साथ श्री नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जश्न मनाया। ढोल नगाड़े की थाप पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जमकर थिरके व नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचित होने पर एक दूसरे को बधाई दी।भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि श्री नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में असीम ऊर्जा का संचार हुआ है। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के रूप में श्री नबीन के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस की अराजक सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने में भाजपा सफल रही। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के संगठनात्मक अनुभव का लाभ भाजपा को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने बस्तर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से भाजपा के नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नबीन को बधाई प्रेषित की ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनायेगा और पार्टी के आदर्शों को नई ऊंचाइयां देगा। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह है, जिसका लाभ भाजपा को हर क्षेत्र में मिलेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर संजय पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, रजनीश पाणिग्रही, परिसराम बेसरा, नरसिंह राव, ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष पारेख, माहेश्वरी ठाकुर, सुधा मिश्रा, शशिनाथ पाठक, दिगम्बर राव, संजय चंद्राकर, संग्राम सिंह राणा, अतुल सिम्हा, योगेश शुक्ला, विक्रम यादव, योगेश ठाकुर, फूल सिंह सेठिया, रैतूराम बघेल,किरण सेन, कृष्ण कुमार शुक्ला, दिनेश केजी, मनोज पटेल, लक्ष्मण झा, पंकज आचार्य, अभिषेक साव, अविनाश सिंह, सूर्य भूषण सिंह, सुरेश मिश्रा, ममता राणा, मीना साहू, किरण दीवान, गीता नाग, त्रिवेणी रंधारी, रेखा सिंह, डाकेश्वरी पाण्डेय, आशा साहू, विनय राजू, मनी विक्रम नायडू, दिनेश पाणिग्रही, दिलीप झा, परमेश राजा, कमलेश दीवान, दिलीप सुन्दरानी, मनोज ठाकुर, राजेश शर्मा, रौशन झा, शंकर राव आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रेस क्लब के नए पदाधिकारियों को एड. एजेंसीज एसोसिएशन ने दी बधाई

**रायपुर 21 जनवरी।** प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष ओंकार सिंह मुद्दड़ के नेतृत्व में प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुत सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े से मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक अजय जैन, शिवाजी मंथानी, अध्यक्ष ओंकार सिंह मुद्दड़, महासचिव अफसर खान, वैभव जैन, वीरेन्द्र शुला, इंदिरा जैन व अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### पुलिस ने किया नक्सल स्मारक ध्वस्त

**नारायणपुर,21 जनवरी।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ - आईटीबीपी 53वीं वाहिनी द्वारा - लगातार सघन अभियान चलाया - जा रहा है। इसी क्रम में 19 - जनवरी को 53वीं वाहिनी के - सेनानी संजय कुमार के मार्गदर्शन एवं सहायक सेनानी आजाद सिंह के नेतृत्व में जवानों ने ग्राम अडिंगपार से गोमागल तक नक्सल विरोधी ऑपरेशन संचालित किया।ऑपरेशन के दौरान जवान जब ग्राम गोमागल पहुंचे तो वहां नक्सलियों द्वारा वर्ष 2014 में स्थापित एक नक्सल स्मारक दिखाई दिया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में स्थानीय ग्रामीणों ने स्वेच्छा से उक्त नक्सल स्मारक को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सलियों के प्रभाव को कमजोर करने का सशक्त संदेश गया। स्मारक ध्वस्तीकरण के बाद 53वीं वाहिनी के जवान ऑपरेशन पूर्ण कर सुरक्षित रूप से अपने कैंप अडिंगपार लौट आए। प्रशासन एवं सुरक्षा बलों की इस संयुक्त पहल से ग्रामीणों में विश्वास बढ़ा है।

### दो सगी बहनों की नदी में डूबने से मौत

**केशकाल ,21 जनवरी।** । केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां रविवार शाम से लापता दो सगी बहनों की लाश नदी में तैरती मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया हैं। बताया जा रहा है कि, मृतिका ब्रिजबति गावड़े 57 निवासी ऐटेकोनहाडी और %मनाय बाई 55 निवासी जरहिडिहि ये दोनों सगी बहनें हैं। एक सप्ताह पहले अपने मायके ग्राम डोहलापारा आई हुई थीं, जो कि रविवार दोपहर साप्ताहिक बाजार अड़ेंगा गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी थीं। परेशान परिजन, लगातार 2 दिनों से आसपास ढूंढ रहे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

### जिला स्तरीय समारोह में जल जीवन मिशन जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** जिला स्तर पर जल अर्पण दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। जल अर्पण दिवस का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति श्री देवेश कुमार ध्रुव, तथा कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव श्री जगदीश कुमार के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम जनभागीदारी और समाज प्रमुखों के सहयोग से व्यापक स्तर पर आयोजित हुआ, जिसमें जिले, जनपदों और ग्रामों से आए जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि समाज प्रमुखों ने ग्रामों में संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। हर घर जल प्रमाणित ग्रामों के सरपंचों को मंच पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, स्वच्छता, जल स्रोतों की सुरक्षा, रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण, सोखता गड्ढों, किचन गार्डन, वृक्षारोपण तथा आजीविका से जुड़े नवाचारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जल जीवन मिशन के संचालन में जल नल जल मित्रों की भूमिका तथा एफटीके किट से पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### कड़ी सुरक्षा में होगी 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा

**जगदलपुर, 21 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल व्यापमं द्वारा आगामी 1 फरवरी 2026 को आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय शिक्षक पात्रता परीक्षा इस बार सामान्य परीक्षाओं से काफी अलग होगी। जिला मुख्यालय जगदलपुर में 14.174 अभ्यर्थियों के लिए आयोजित इस महापरीक्षा में प्रशासन ने सुरक्षा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। नकल और अनुचित साधनों को रोकने के लिए व्यापमं ने कड़ी दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसके तहत अभ्यर्थियों को एक विशेष ड्रेस कोड और समय.सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए लागू किए गए इन सख्त नियमों के मुताबिक परीक्षार्थियों को केंद्र के भीतर जूते-मोजे पहनकर जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनकर ही आना होगा। इसके अलावाए गहरे रंग के कपड़े पहनने पर भी रोक लगाई गई है। अभ्यर्थियों को केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फ्रिस्किंग की प्रक्रिया सुगमता से पूरी की जा सके। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी होगी कि साधारण स्वेटर को भी जाँच के लिए उतरवाया जाएगा। इसके साथ ही कान में किसी भी प्रकार के आभूषणए पर्सए बेल्टए टोपी और किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा कक्ष में ले जाना पूर्णतः वर्जित किया गया है।प्रशासन ने समय की पाबंदी को लेकर भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

# बस्तर संभाग के शिक्षकों की पदोन्नति का इंतजार खत्म,6 मार्च तक पूरी होगी प्रक्रिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 20 जनवरी।** बस्तर संभाग के शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे टी (ट्राइबल) एवं ई (एजुकेशन) संवर्ग के शिक्षकों और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। बस्तर संभाग के अंतर्गत कार्यरत स्नातक व प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नत करने की आधिकारिक परिपत्र में इस हेतु विस्तृत समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है।

संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग एचआर सोम ने इस संबंध में बताया कि पदोन्नति की यह पूरी प्रक्रिया जनवरी के अंत से शुरू होकर मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगी। जिसके तहत 31 जनवरी 2026 को 1 अप्रैल 2024 की स्थिति के आधार पर शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके ठीक चार दिन बाद यानी 4 फरवरी 2026 को पदोन्नति के लिए पात्र शिक्षकों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाते हुए विभाग ने 13 फरवरी तक गोपनीय चरित्रावली और चल-अचल संपत्ति का विवरण व मतांकन पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। पदोन्नति प्रक्रिया के तहत 16 फरवरी को बैठक की सूचना देने के बाद, 20 फरवरी को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। समिति की मंजूरी मिलते ही 23 फरवरी को पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। शिक्षकों की पदस्थापना में पारदर्शिता हेतु काउंसलिंग भी की जाएगी। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद 2 मार्च से 5 मार्च 2026 के बीच काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

### बस्तर जिला पत्रकार संघ का नव वर्ष मिलन आईजी, कलेक्टर और एसपी ने दी बधाई

**जगदलपुर, 21 जनवरी ।** बस्तर जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में जिले के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधी शामिल हुए। इस गरिमामय आयोजन में पुलिस महानिरीक्षक श्री सुन्दरराज पी, कलेक्टर श्री हरिस एस और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री मनीष गुप्ता सहित अन्य सभी पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे। नव वर्ष मिलन समारोह के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में अधिकारियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# अगले माह तीन जिलों में नहीं बंटेगा चावल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,21 जनवरी।** गीदम वेयरहाउस में चावल सड़ने की वजह से अब जिले में चावल का बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। गीदम वेयरहाउस में 30 हजार क्विंटल चावल वितरण को लेकर कोई फैसला नहीं आया है। इधर जिले में अब स्थित खराब हो रही है। कुआकोंडा वेयरहाउस में तो मात्र 30 क्विंटल चावल बचा हुआ है। यह एक उचित मूल्य दुकान के लिए भी पर्याप्त नहीं है।

कुआकोंडा को हर महीने 30 हजार क्विंटल की जरूरत पड़ती है, कुआकोंडा से सुकमा जिले के जगरगुंडा, कोंडासवली दुकानों को भी हर महीने राशन भेजा जाता है। कुआकोंडा में 49 दुकानों के लिए भंडारण होता है, पिछले 10 साल की बात की जाए तो ऐसा चावल का संकट कभी नहीं आया था। दंतेवाड़ा वेयरहाउस में भी स्थिति खराब है, यहां से 73 दुकानों को चावल सप्लाई की जाती है। खाद्य विभाग के मुताबिक यहां 10 हजार क्विंटल चावल स्टाक में है जो पर्याप्त नहीं है, यहां से गीदम भी चावल भेजना पड़ रहा है वहां के गोदाम में चावल सड़ने के बाद जिले को हर महीने 90 हजार से 1 लाख क्विंटल तक चावल की जरूरत पड़ती है, हफ्ते भर में अगर चावल का स्टाक नहीं हो पाया तो फरवरी का राशन हितग्राहियों को फिर से देरी से मिलेगा। जिले में अभी तक कई पीडीएस दुकानों में जनवरी का राशन हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है

जिले के पांच राइस मिलरों के द्वारा धान का उठाव किया गया है, जिसमें 6 हजार 780 क्विंटल राधे एग्रो, चितालुर में संचालित अन्नपूर्णा मिल के द्वारा 7 हजार 320 क्विंटल, आरएएस के द्वारा 6 हजार 370, अनिशा 22 हजार 760 और 9 हजार 680 क्विंटल रिजवी राइस मिल के द्वारा जिले में अब तक धान का उठाव किया गया है। पर इन राइस मिलों ने जितना धान उठाया उसका चावल अभी वेयरहाउस में जमा नहीं हुआ है, यह चावल जमा हो जाए तो दंतेवाड़ा में फरवरी के चावल की किल्लत ख़त्म हो जाएगी और बाहर से चावल नहीं मंगवाना पड़ेगा।

# सड़क पर मलबा फैलाना और नाली जाम करना पड़ा महंगा

### बंसल क्लीनिक पर नगर निगम ने ठोका 10 हजार रुपए का जुर्माना



**जगदलपुर, 20 जनवरी।** जगदलपुर नगर निगम ने शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता को लेकर कड़ी कार्रवाई की है। इसी क्रम में सार्वजनिक सड़क और नालियों को अवरुद्ध करने के मामले में निगम ने बंसल क्लीनिक पर कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई शहर में बेतरतीब निर्माण कार्य और उससे उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने के उद्देश्य से की गई है।

निगम प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई कि बंसल क्लीनिक में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान रेती और गिट्टी को सड़क पर ही बेतरतीब ढंग से डंप कर दिया गया है। इस लापरवाही के चलते न केवल आम राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया था, बल्कि निर्माण सामग्री नालियों में भर जाने से उस क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ गई थी। इस कृत्य से स्थानीय स्वच्छता और यातायात संचालन दोनों पर गंभीर असर पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम के स्वच्छता विभाग की टीम ने सोमवार को तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट पाया गया कि संबंधित निर्माणकर्ता ने निगम के तय स्वच्छता मानकों और नियमों का खुला उल्लंघन किया है। मौके पर मौजूद स्वच्छता इंस्पेक्टर अजय बनिक, जोन प्रभारी समीर खान और शक्ति वेल की उपस्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए क्लीनिक प्रबंधन पर गंदगी फैलाने और नाली जाम करने के जुर्म में दस हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इस दंडात्मक कार्रवाई के माध्यम से नगर निगम जगदलपुर ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि शहर की सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण या गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही प्रशासन ने सभी नागरिकों और निर्माणकर्ताओं से अपील की है कि वे निर्माण सामग्री को नियत और सुरक्षित स्थान पर ही रखें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# कलेक्टर ने दिए आवास योजना के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश



जगदलपुर, 21 जनवरी । कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन द्वारा मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रथम किश्त प्राप्त आवासों की भौतिक प्रगति, वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों की प्रगति तथा स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत प्रथम किश्त प्राप्त आवासों के निर्माण कार्य की स्थिति का संज्ञान लिया और निर्माण कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में स्वच्छता शुल्क की वसूली, ग्रामों में स्वीकृत बर्तन बैंकों की स्थापना, मनरेगा कार्यों का जनपद स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वीकृत कार्य पर चर्चा की गई। साथ ही मनरेगा अंतर्गत ई-केवाईसी एवं एबीपीएस आधारित भुगतान को बढ़ाते हुए प्रतिदिन हजार हितग्राहियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा, डीएमएफटी एवं नरेगा मद से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य दुकानों की भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से स्वीकृत कार्यों की प्रगति, एनसीईएआर रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए आधार रिवेरिफिकेशन के लिए जनजागरूकता, आयुष्मान कार्ड की स्थिति पर भी चर्चा हुई।सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों का सर्वे, पात्र-अपात्र आवेदनों की स्थिति, सेंट्रल स्कीम पेंशनरों की डीएलसी रिपोर्ट, एग्रीस्टैक की प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित प्रस्तुत, स्वीकृत व निरस्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति, स्कूल स्तर से जाति प्रमाण पत्र निर्माण, विकासखंडवार अपार आईडी जनरेशन की अद्यतन स्थिति का संज्ञान लिया गया। स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, एनएससी की स्थिति, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार, आरबीएसके चिरायु योजना, स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की प्रगति पर चर्चा हुई।महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर एप के परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वीकृत निर्माण कार्य, शौचालय निर्माण तथा बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, राजस्व खातों में आधार प्रविष्टि, नक्शा बटांकन, विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों पर चर्चा की गई।

### तीन गांवों में रोजगार व आवास दिवस मनाया गया

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** जिले गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत झोड़ियाबादम, बोदली एवं हिड़पाल में 07 जनवरी 2026 को शासन के निर्देशानुसार रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, आवास और आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुँचाना है। भारत जी-राम के तहत प्रति माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस आयोजित किया जाता रहा है। अब इसी तिथि को आवास दिवस भी मनाया जाएगा। इस दौरान तकनीकी सहायक और रोजगार सहायक ग्रामीणों को गांव में ही उपलब्ध कार्यों की जानकारी देंगे तथा बाहरी राज्यों में पलायन रोकने हेतु जागरूकता बढ़ाएंगे।

## समाचार संक्षेप

### कृषक शिवराम ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से दलहन फसल लगाई



**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत रबी फसलों पर विशेष जोर है, खासकर दलहन (चना, मटर, मूंग, उड़द ) और तिलहन (सरसों, मूंगफली) पर, ताकि दालों और तिलहन में आत्मनिर्भर बन सके, यह योजना कम उत्पादकता वाले जिले में सिंचाई, और प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय दोगुनी करने पर केंद्रित है। जिसमें रबी सीजन (अक्टूबर से शुरु) के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं आच्छादन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयास निरंतर प्रभावी परिणाम दे रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम चंदेनार के कृषक शिवराम भी इन प्रयासों से लाभान्वित होकर अपनी खेती में नई दिशा प्राप्त कर रहे हैं। कृषक बताते है कि वे खरीफ सीजन में धान की खेती करते थे, योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने दलहन फसल अपनाई और सफल परिणाम देखकर प्रसन्न हैं। बेहतर मूल्य मिलने पर आमदनी भी बढ़ेगी। कृषि अधिकारी द्वारा समय-समय पर खेत का निरीक्षण करते हुए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे खेती की लागत कम रही और फसल विकास बेहतर हुआ। मैं अन्य किसानों को भी दलहनी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करना चाहता हूं।

### गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 (यथासंशोधित) के तहत् वर्ष 2025-26 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 22.1 के अनुसार 26 जनवरी 2026 को ''गणतंत्र दिवस'' के अवसर पर शासन द्वारा ''शुष्क दिवस'' घोषित किया गया है।अतः उक्त दिनांक 26 जनवरी 2026 को जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. 1 (घघ) एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) एवं एफ. एल. 1 (ख-कंपोजिट अहाता) तथा एफ. एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की हुई बैठक



**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अनुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का बैठक प्रति सप्ताह आयोजित कर दावा आपत्ति के संबंध में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चतुर्थ साप्ताहिक दावा अपत्ति के संबंध में बैठक आयोजित कर अवगत कराया गया तथा प्ररूप 9, 10, 11, 11।, एवं 11ए की हार्ड कापी प्रदाय किया गया। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अमानचित्रित क्षेत्र वाले मतदाताओं का ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ के द्वारा नोटिस जनरेट कर बीएलओ के माध्यम से वितरण कर सुनवाई की तिथियों से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। आज की स्थिति में फार्म 06-2336, फार्म 07-50 एवं फार्म 08-668 प्राप्त हुए है उक्त संबंध में राजनैतिक दलो के जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

# बालिका सशक्तिकरण सप्ताह में योजनाओं की जानकारी दी गई



**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** जिले में बालिका दिवस को केंद्र में रखकर 16 से 23 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे बालिका सशक्तिकरण सप्ताह के तहत स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल कसोली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन सशक्तिकरण की मिशन समन्वयक सरिता देशमुख ने छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना तथा नोनी सुरक्षा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के सहयोग से पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को 24 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय बालिका दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी क्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की उपयोगिता तथा महिला उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों के बारे में उपस्थित छात्राओं को अवगत कराया गया। एक ही छत के नीचे उपलब्ध अल्पकालिक आश्रय, परामर्श, चिकित्सा, विधिक तथा पुलिस सहायता की जानकारी भी साझा की गई।

महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की भूमिका बताते हुए टीम ने बालिकाओं को आपात स्थितियों में इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर भी विस्तृत चर्चा हुई। काउंसलर शशिकांत झा ने बताया कि लड़के की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष और लड़की की 18 वर्ष है। निर्धारित आयु से पूर्व विवाह करना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।उपस्थित बालिकाओं को एनीमिया से बचाव, संतुलित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और मासिक धर्म संबंधी महत्वपूर्ण बातें भी समझाई गईं। मिशन वात्सल्य, महिला सशक्तिकरण विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर और चाइल्डलाइन के संयुक्त प्रयास से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत छात्राओं में जागरूकता लाने का प्रयास सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सरिता देशमुख, संरक्षण अधिकारी रवि शंकर सनद, काउंसलर शशिकांत झा, चाइल्डलाइन समन्वयक गोपीचंद तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला प्रशासन की पहल से डीएमएफ मद से 75 लाख रुपये की लागत से बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन

# सीएम साय की मंशानुरूप बसंतपुर को स्वास्थ्य सुविधा की बड़ी सौगात

**रायगढ़, 21 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले के आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा उन्हें बेहतर और सुलभ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में जिले के मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ वनांचल अंचलों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है।



इसी क्रम में लैलूंगा विकासखंड के ग्राम बसंतपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 75 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से ग्राम बसंतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुसज्जित नवीन भवन निर्मित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्मित होने से बसंतपुर सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों नागरिकों को समय पर उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को उपचार के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाने की मजबूरी से राहत मिलेगी।भवन उपलब्ध होने से चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार होगा। गौरतलब है कि अब तक भवन के अभाव में मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले को भी अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा लिया गया यह निर्णय ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो सकेगा।

### परीक्षा पे चर्चा 2026: दिल्ली में महासमुंद की छात्रा सृष्टि साहू करेंगी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व

**महासमुंद 21 जनवरी ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में इस वर्ष महासमुंद की होनहार छात्रा कुमारी सृष्टि साहू छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा सृष्टि का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए किया गया है। विद्यालय की शाला नायिका के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली सृष्टि साहू एक दिन के लिए प्रतीकात्मक प्राचार्य का दायित्व भी सफलतापूर्वक निभा चुकी हैं। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अमी रुफस के मार्गदर्शन में संस्था के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने माई गवर्नमेंट पोर्टल पर पंजीयन किया गया था।

# शहर के भगतराम श्रीकिशन तिगड़ानिया परिवार ने भंडारे में शामिल होने नगरवासियों से किया आग्रह

### 23 जनवरी बसंत पंचमी में विशाल भंडारे का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,21 जनवरी।** शहर के प्रतिष्ठित तिगड़ानिया परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में खरसिया गंज बाजार स्थित अवधुत संत बाबा परमहंस तिगड़ानिया मंदिर में 23.01.2026 को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के सदस्यों ने बताया की 23 जनवरी को आरती एवं दर्शन कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रखा गया है एवं मंदिर परिसर में भजन, कीर्तन का कार्यक्रम पूरे दिन भर चलेगा, साथ ही भोग भण्डारा दोपहर 12.30 बजे से संध्या आरती संध्या 7.30 बजे संपन्न होगा। तिगड़ानिया परिवार ने समस्त



नागरिक बंधुओ एवं धर्म प्रेमियों को इस कार्यक्रम के अवसर पर सहपरिवार शामिल होकर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है।विदित हो की अवधूत संत बाबा परमहंस तिगड़ानिया को चादर चढ़ाने की मान्यता है भक्तो का मानना है की बाबा को चादर चढ़ाकर सच्चे मन से जो कामना की जाती है वो शीघ्र ही पूर्ण होती है।

### पीडीएस व्यवस्था में लापरवाही पर विक्रेता संचालन एजेंसी निलंबित

**रायगढ़, 21 जनवरी।** जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन ने पीडीएस नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकान को निलंबित कर दिया है।खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी क्रमांक 411001089) की जांच के दौरान संचालक द्वारा हितग्राहियों को वितरित किए गए खाद्यान्न में अत्यधिक मात्रा में स्टॉक की कमी पाई गई।

## एक नजर

### डाकघरों में डिजिटल माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रारंभ

**रायगढ़, 21 जनवरी।** डाक विभाग डिजिटल क्रांति की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में अब डाकघरों में क्यूआर कोड स्कैन एवं कार्ड स्वाइप (स्कैन एंड पे) मशीन के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। यह नई सुविधा रायगढ़ संभाग के सभी विभागीय डाकघरों में लागू हो चुकी है, जिससे ग्राहकों को अब नकद भुगतान से राहत मिलेगी।

स्पीड पोस्ट, पार्सल सहित अन्य सेवाओं के लिए उपलब्ध होगी सुविधा डाकघरों में शुरू की गई इस डिजिटल भुगतान सुविधा के तहत वर्तमान में स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं अन्य डाक सेवाओं के लिए शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। ग्राहक अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर, अथवा डेबिट/क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर आसानी से भुगतान कर सकेंगे। डाक विभाग का उद्देश्य अपने ग्राहकों को तकनीक आधारित, सरल एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। विभाग भविष्य में भी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

### आईटीआई भटगांव में प्लेसमेंट कैम्प 27 जनवरी को

**धमतरी, 21 जनवरी ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव (धमतरी) में मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड गुजरात द्वारा आईटीआई प्रशिक्षणार्थी के लिए आगामी 27 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प एवं एप्रेटिंसशिप का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसमें व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमैन, शील मैटल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक,सीओई आटोमोबाईल के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हो सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को दसवीं, आईटीआई अंकसूची, आईडी प्रूफ मूल कॉपी व छायाप्रति तथा 2 नग पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नियत तिथि को सुबह 9 बजे आईटीआई भटगांव में उपस्थित होने कहा गया है।

### सीईओ हेमंत नंदनवार ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांगें एवं समस्याएं

**महासमुंद 21 जनवरी।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में आज जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। आज जन चौपाल में आज कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में महासमुंद निवासी जागृति साहू ने उज्जवला गैस कनेक्शन दिलाने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम मुड़ागाँव निवासी लाखेश्वर साहू ने अपनी बीमारी हेतु स्वास्थ्य सहायता के अंतर्गत सहायता राशि दिलाने हेतु आवेदन, ग्राम कोलपदर निवासी पंचराम ने आरबीसी 6-4 के तहत क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के लिए, ग्राम गढ़फुलझर बसना निवासी रेशम विशाल ने वेतन भुगतान एवं पीएफ राशि दिलाने के लिए, ग्राम सिनोधा निवासी छबीलाल ने भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ दिलाने हेतु, ग्राम अरंड निवासी दिलीप कुमार चंद्राकर ने कृषक सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम चरोदा निवासी दीपक साहू ने बैटरी चलित ट्राइसाइकिल दिलाने एवं ग्राम तोषगांव निवासी पुष्पा बाई ने आधार कार्ड बनवाने की समस्या के निराकरण हेतु आवेदन किए।

# पोषण ट्रैकर एप में शत-प्रतिशत हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**रायगढ़, 21 जनवरी।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं की सेक्टरवार प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि पोषण एवं बाल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर ऐप में हितग्राहियों के पंजीयन एवं फेस कैप्चर की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य षीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाले सेक्टरों के सीडीपीओ को ग्राम पंचायतवार आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने तथा जनपद पंचायत, आरईओ, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के समन्वय से इस कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर की ग्रोथ मॉनिटरिंग रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए बच्चों के वजन एवं ऊंचाई मापन हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में मापन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि बच्चों के पोषण स्तर की नियमित एवं सटीक निगरानी सुनिश्चित की जा सके।कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी-टू-ईट एवं गरम भोजन वितरण, बच्चों की उपस्थिति तथा केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भोजन वितरण स्थल नहीं, बल्कि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इसके लिए केंद्रों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण विकसित किया जाए।

कलेक्टर ने नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे आंगनबाड़ी भवन, जिनका निर्माण प्रारंभ होकर किसी कारणवश रुका हुआ है, उन्हें तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने तथा केंद्रों में पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया।कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट इकाई के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सी-बॉक्स ऑनबोर्डिंग एवं आईसी एंट्री में रुचि नहीं लेनेवाले संबंधित स्कूलों के प्राचार्य एवं नगरीय निकायों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंनेकिशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का आभा एवं अपार आईडी निर्माण, महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी पंजीयन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, गर्भवती माताओं तथा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण आहार वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।इसके साथ ही बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल देखरेख संस्था, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, दिशा दर्शन भ्रमण, महिला कोष ऋण एवं सक्षम योजना, हमर स्वस्थ लईका, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर. कच्छप, सभी सेक्टरों के सीडीपीओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने शिल्पियों से किया संवाद

**रायगढ़, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत जिले के प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने जिले के पारंपरिक हस्तशिल्पियों से रूबरू होकर उनके कार्य, समस्याओं एवं हस्तशिल्प से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष श्रीमती राजपूत ने विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा आयोजित डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट वर्कशॉप बेलमेटल क्राफ्ट का निरीक्षण किया तथा शिल्पियों से भेंट-मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

कार्यशाला के दौरान डिजाइनर श्री दीपक झोरका द्वारा शिल्पियों को नए-नए डिजाइनों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त शिल्पकार ढोकरा शिल्प को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिला सकते हैं। साथ ही एकताल क्षेत्र के शिल्पियों की कलाकृतियों की अन्य राज्यों की तुलना में अधिक स्वीकार्यता, बेलमेटल शिल्प की गुणवत्ता में सुधार, उपयोगी वस्तुओं के निर्माण, ऑनलाइन मार्केटिंग एवं आकर्षक पैकेजिंग की जानकारी भी प्रदान की गई।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ के कर्मचारियों द्वारा राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रतियोगिता में सहभागिता एवं विकास केंद्र रायगढ़ में कलाकृतियां जमा करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बोर्ड के सहयोगी कर्मचारी श्री कालिया कान्हू सिदार, तकनीकी सहायक श्री जय सिंह सिदार, पंच श्री प्रदीप झारा, एकताल के उपसरपंच श्री सुन्दर झारा सहित 30 प्रशिक्षणार्थी एवं ग्राम एकताल के बड़ी संख्या में शिल्पी परिवार उपस्थित रहे।

# धान उपार्जन केन्द्र केना में भौतिक सत्यापन से अधिक मात्रा में धान एवं बारदाना की कमी पाई गई

**महासमुंद 21 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र केना में अनियमितता के मामले पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली के आदेशानुसार गठित संयुक्त जांच टीम द्वारा 18 जनवरी 2026 को केंद्र का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें भारी मात्रा में धान एवं बारदाना की कमी पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ऑनलाइन रिपोर्ट में जहां 29,628 नग बारदाना (11,851.20 क्विंटल धान) दर्ज था, वहीं भौतिक सत्यापन में मात्र 25,615 नग बारदाना (10,246 क्विंटल) धान पाया गया।

इस प्रकार 4,013 नग बारदाना (1,605.20 क्विंटल) धान की कमी सामने आई। कमी की अनुमानित राशि 49,76,120 रुपये है। उक्त कृत्य को देखते हुए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार धान उपार्जन केन्द्र केना के प्रभारी अधिकारी श्री गोपाल नायक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि, धान उपार्जन में प्रयुक्त नए एवं पुराने बारदाने में भी अनियमितता पाई गई। जांच में 2007 नग नया बारदाना (कीमत 15,654.60 रुपये) एवं 2006 नग पुराना बारदाना (कीमत 50,150 रुपये) का उपयोग अनियमित रूप से पाया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर शासन को 50,41,924.60 रुपये की क्षति होना जांच में सामने आया है। संयुक्त जांच टीम द्वारा मौके पर रखे धान के स्टेकों का रेंडम तौल भी किया गया, जिसमें बोरी का वजन मानक से कम पाया गया। जांच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए कलेक्टर को अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा नायक निवासी ग्राम इच्छापुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रोफेसर नोडल अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़, 21 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक किया गया है। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन/स्थानांतरण हेतु फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिले के समस्त महाविद्यालयों में नियुक्त प्रोफेसर नोडल अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित की गई। बैठक में



महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत मतदाता पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारियों को फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 भी प्रदाय किए गए।

बैठक सह प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल एवं श्री विकास रंजन सिन्हा द्वारा फार्म भरने की प्रक्रिया, घोषणा पत्र, छात्रों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण तथा दिव्यांग मतदाताओं के दस्तावेजों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रिया की बिन्दुवार एवं विस्तृत जानकारी दी गई।

### युवाओं की सहभागिता लोकतंत्र को बनाएगी मजबूत

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने सभी प्रोफेसर नोडल अधिकारियों से अपील की कि वे स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

# जिले में अब तक 4.21 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

**कांकेर, 21 जनवरी ।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 04 लाख 21 हजार 092 मेट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। इसमें 04 लाख 18 हजार 857 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 02 हजार 099 मेट्रिक टन पतला और 135 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान शामिल है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के परिवहन, भण्डारण तथा विक्रय की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए 13 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा धान की अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु गठित टीमों के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है।

### विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 22 जनवरी तक प्राप्त की जा रही है दावा-आपत्तियां

**कांकेर, 21 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाकर दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही है। इस संबंध मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजनितीक दलों को प्राप्त दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई।

बताया गया कि कांकेर जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः 79-अंतागढ़, 80-भानुप्रतापुर, 81-कांकेर में 20 जनवरी तक फॉर्म 9 से संबंधित 3165, फार्म 10 में 119, फॉर्म 11 में 1299, फार्म 11ए में 73 तथा फार्म 11बी में 09 दावा-आपत्तियां प्राप्त हुईं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावा आपत्तियों की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया जाकर उन्हें दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई।

# जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित

**धमतरी, 21 जनवरी ।** धमतरी जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। किसानों को बेहतर सुविधा और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा लगातार मैदानी निरीक्षण कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के 6 धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धमतरी तहसील के लोहरसी, पोटियाडीह, आमदी तथा भखारा तहसील के धरसीवा, डोमा एवं दाही धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सीधे किसानों के बीच पहुंचे और उनसे संवाद कर धान खरीदी की जमीनी स्थिति, समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने धान खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण–टोकन कटने की स्थिति, धान विक्रय, रकबा समर्पण, फसल सत्यापन, धान उठाव एवं भुगतान प्रक्रिया–का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छोटे, सीमांत एवं वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्रों पर पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था, बैठने की सुविधा सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का भी परीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 21 जनवरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केन्द्र ने बताया कि इस योजना के तहत राइस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़-बड़ी, नमकीन-मिक्चर, अचार, सॉस, जैम, जेली, गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी, मिठाई उत्पाद, आइसक्रीम, पशु आहार, मछली आहार, मशरूम उत्पाद, मुर्गी आहार, चटनी, जूस, साबुदाना, घी, पोहा निर्माण, लहसुन-प्याज एवं अदरक पेस्ट, पेठा, तिलकुट सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं।योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए नवीन इकाई की स्थापना के साथ-साथ पूर्व में स्थापित इकाइयों के विस्तार एवं अपग्रेडेशन भी पात्र होंगे। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मान्य परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये होगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

# स्वच्छ, सुंदर एवं आरोग्य शहर बनाने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण:महापौर

**रायगढ़, 21 जनवरी।** शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। नगर निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं आरोग्य शहर बनाने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। सभी के सामूहिक प्रयासों से रायगढ़ को डेंगू से निपटने में सफलता हासिल हुई है। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता के माध्यम से रायगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं आरोग्य शहर बनाने में निरंतर सहयोग का आह्वान किया तथा मितानिनों की भूमिका की सराहना की। सभापति श्री डिग्रीलाल साहू ने जनप्रतिनिधियों से शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग की अपीलकी।

आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि निगम अमला जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता तक पहुंच का सशक्त माध्यम है। जिस भी स्तर पर



स्वास्थ्य विभाग को नगर निगम के सहयोग की आवश्यकता होगी, इसके लिए पूरा निगम समन्वय के साथ तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलने से योजनाओं का क्रियान्वयन सरल होता है तथा डेंगू नियंत्रण में मिली सफलता सामुदायिक समन्वय का प्रत्यक्ष उदाहरण है।कार्यशाला के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने शहरी स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्ड कवरेज 94.8 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 94.1 प्रतिशत है। शेष पात्र हितग्राहियों कोयोजना से शीघ्र जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत बीपीएल हितग्राहियों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं एपीएल हितग्राहियों को भी निर्धारित सीमा तक उपचार लाभ का प्रावधान है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड के अंतर्गत उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।मातृ स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत गर्भावस्था पंजीकरण एवं संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, जनप्रतिनिधिगण एवं मितानिनों के संयुक्त प्रयास से इस वर्ष जिले में डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है। जहां पिछले वर्ष 1968 प्रकरण दर्ज किए गए थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर मात्र 30 प्रकरण रह गई है।उन्होंने गैर-संचारी रोगों से बचाव हेतु नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील भी की। डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम ने बताया कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायगढ़ को एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त है, जिसकी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल ने कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, मितानिन दीदियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री सलीम नियारिया, श्री पंकज कंकरवाल, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी श्री शिव यादव सहित नगर निगम के पार्षदगण एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुएं में कूदकर 7 लोगों की जान बचाने वाले जयंत ध्रुव को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**धमतरी, 21 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कुरूद विकासखंड के ग्राम बगदेही निवासी श्री जयंत कुमार ध्रुव को उनके अदम्य साहस के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि श्री ध्रुव ने अपनी जान की परवाह किए बिना कुएं में कूदकर दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जो समाज के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण है।कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्री ध्रुव के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि धमतरी जिले के ग्राम बगदेही में रविवार को ऑटो चालक की लापरवाही के कारण बुजुर्गों और बच्चों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर गहरे कुएं में जा गिरा। हादसे के समय ऑटो में चालक सहित कुल 7 लोग सवार थे।

# फुंढहर-देवपुरी सड़क मरम्मत पेच वर्क में घोटाले की खबर पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन

■ क्षतिग्रस्त हिस्से को जेसीबी से पूरी तरह निकालकर कराया जा रहा है डामरीकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायपुर, 21 जनवरी।** लोक निर्माण संभाग क्रमांक-01 रायपुर के अंतर्गत फुंढहर से देवपुरी सड़क, जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर है, इसके क्षतिग्रस्त हिस्से को जेसीबी से पूरी तरह हटाने के बाद पुरानी सड़क को रफकरके नया डामरीकरण कराया जा रहा है, ताकि नये डामरीकरण के परत की पकड़ अच्छी हो और कार्य की गुणवत्ता बेहतर बनी रहे। इस सड़क मरम्मत पेच वर्क के कार्य में घोटाला और गड़बड़ी को लेकर कतिपय इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में प्रसारित खबर को कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण में पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया है।

कार्यपालन अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हांकित कर उनके मरम्मत एवं पेच वर्क की कार्ययोजना तैयार की जाती है। इसी कार्ययोजना के अनुरूप उक्त सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फुंढहर-देवपुरी मार्ग के दो किलोमीटर हिस्से के डामरीकरण का कार्य वर्ष 2018 में कराया गया था। इसके डामरीकरण कार्य की परफार्मेंस गारंटी की अवधि वर्ष 2021 तक थी। वर्ष 2018 में यह दो किलोमीटर लंबी और डिवाईडर के दोनों ओर 10.50 मीटर औसत चौड़ाई में डामरीकरण का कार्य एक करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से कराया गया था। उक्त सड़क के मरम्मत हेतु पेच वर्क के लिए दो करोड़ से अधिक की राशि खर्च किए जाने की बात पूरी तरह बेबुनियाद और भ्रामक है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वर्ष 2018 में निर्मित इस सड़क के कुछ हिस्से के स्कीड होने के कारण कहीं-कहीं यह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। विभाग की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार इस सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को जेसीबी से पूर्णतः निकालकर पुरानी सड़क के सरफेस को रफकरके डामरीकरण का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है।

## एक नजर

### सड़क पर धूल रखने पर सम्बंधित नागरिक पर किया 5000 रुपये का ई जुर्माना

**रायपुर 21 जनवरी।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता श्री शरद ध्रुव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में डॉ भीम राव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद श्री मोहन कुमार साहू और लायनहेड स्पोर्ट्स क्लब प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के पदाधिकारियों द्वारा की गयी लिखित शिकायत औचक निरीक्षण में सही पाए जाने पर स्थल पर सड़क पर धुल रखे जाने पर संबंधित नागरिक कमलेश जैन पर तत्काल 5000 रूपये ई जुर्माना किया गया और उन्हें भविष्य के लिए नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी और प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

### वार्ड-62 में विकास कार्यो का भूमिपूजन

**रायपुर 21 जनवरी।** आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 6 अंतर्गत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 के क्षेत्र में रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी और महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने संजय नगर षिव मंदिर बकरा मार्केट के समीप अधोसंरचना मद के 1 विधायक निधि के 5, प्रभारी मंत्री निधि के 1, सांसद निधि के 1 कुल 8 विविध नये विकास कार्यो को कुल 52 लाख 60 हजार रू. की स्वीकृत लागत से करने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ नागरिको और पार्षदो सहित किया । भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम जोन 6 अंतर्गत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 के पार्षद और जोन 6 अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, जोन 5 अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड कमांक 63 के पार्षद श्री प्रमोद कुमार साहू, चंद्रषेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के पार्षद श्री रमेष सपहा, गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, आमजनों की उपस्थिति में रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी और महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने भूमिपूजन कर कार्यारंभ किया एवं जोन 6 कार्यपालन अभियंता श्री दिनेष सिन्हा, सहायक अभियंता श्री आषीष श्रीवास्तव को तत्काल कार्यारंभ करवाकर गुणवत्ता सहित सतत मॉनिटरिंग कर तय समय सीमा में नये विकास कार्य जनहित में पूर्ण करवाने निर्देषित किया है।

### एक से 7 फरवरी तक नेवरा तिल्दा में श्री रामकथा का होगा आयोजन

**तिल्दा नेवरा 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में स्व सोन चंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के द्वारा। द्य प्रभु श्री



रामचंद्र जी की असीम अनुकंपा से स्वर्गीय सोमचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में के अंतर्गत इस वर्ष तिल्दा नेवरा में संगीत में राम कथा का आयोजन बी एन बी हाई स्कूल स्कूल मैदान नेवरा में आयोजित है इस कथा में कथा वाचक मानस विदुषी देवी चंद्रकला जी अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश से अपने मुखारविंद से श्री राम कथा मुखारविंद कथा का रस की बरसात करेगी भगवान प्रभु श्री राम की महिमा शिव पार्वती विवाह श्री राम जन्म उत्सव श्री सीताराम विवाह उत्सव वन गमन केवट संवाद लंका दहन एवं श्री राम राज्य अभिषेक 1 फरवरी 2026 से 7 फरवरी 2026 तक नगर में आयोजित होगा कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बी एन बी हाई स्कूल मैदान तिल्दा नेवरा में आयोजित होगा 1 फरवरी को गायत्री मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नेवरा सुभाष चौक गांधी चौक परशुराम चौक होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी कथा के संयोजक पुष्पराज टंक राम वर्मा कथा के साथ तिल्दा नेवरा नगर के समस्त नगर वासी इस कथा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है नगर में भव्य कलश यात्रा में झांकी सहित रामायण टोली सहित कथा वाचक मानस विदुषी देवी चंद्रकला जी भी उपस्थित रहेगी इस राम कथा की तैयारी के लिय बलौदा बाजार विधायक कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने विभिन्न समाज सेवी एव नगर के धर्म प्रेमियों सहित कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर तैयारियां जोरो पर शुरू कर दी है नगर में प्रचार प्रसार सहित ग्रामीण अंचल वासियों के लिय कथा स्थल पर बैठने की समुचित व्यवस्था की है प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तों के उपस्थित होने की अपील की गई है कथा को सफल बनाने अलग अलग टीम बनाई गई है सभी अपने अपने स्तर से तैयारियां शुरु कर दी है।

### राजधानी रायपुर बनेगा 'ज्ञानोदय हब': प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

**रायपुर, 21 जनवरी।** राजधानी रायपुर में अनुसूचित जाति, जनजातीय, ओबीसी और कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार के लिए बेहतर अवसर दिलाने के लिए सढ्ढू में चार नये हॉस्टल बनकर तैयार हो चुके हैं। इनकी कुल क्षमता 1000 सीटों की है। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि राजधानी रायपुर जल्द ही इन वर्ग के बच्चों के लिए ज्ञानोदय हब के रूप में विकसित हो रहा है। प्रमुख सचिव ने बताया कि सढ्ढू में बनाए जा रहे इन हॉस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेस, एनडीए, क्लेट, नेट, स्लेट, पीटी, पीएमटी, आईआईटी, मेडिकल सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। पूरा परिसर लगभग 18 एकड़ में विकसित किया गया है। नवनिर्मित हॉस्टलों में एकलव्य ड्रापर छात्रों के लिए आदि की कोचिंग हेतु 500 सीटर, ओबीसी बालक-बालिकाओं हेतु सौ-सौ सीटर, अनुसूचित जनजाति के बालिकाओं के व्यवसायिक शिक्षा, शोध एवं अन्य उच्च शिक्षा हेतु 250 सीट शामिल है।

## अवैध परिवहन, भंडारण व मिलिंग पर प्रशासन सख्त

# धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने राज्य में सघन कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान-केंद्रित बनाए रखने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अवैध धान परिवहन, भंडारण, विक्रय एवं मिलिंग अनियमितताओं के विरुद्ध राज्यभर में व्यापक और सघन अभियान चलाया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप राजस्व, खाद्य, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अंतर्राज्यीय सीमाओं, धान खरीदी केंद्रों, राइस मिलों एवं संदिग्ध स्थलों पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई की जा रही है, ताकि धान उपार्जन का लाभ केवल वास्तविक किसानों तक ही सुनिश्चित हो सके।

खाद्य सचिव श्रीमती रीना कंगाले ने कहा कि राज्य सरकार धान उपार्जन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान-हितैषी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध परिवहन, भंडारण, बिक्री अथवा मिलिंग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि धान उपार्जन का लाभ केवल वास्तविक किसानों को ही मिले। बिचौलियों, फर्जी टोकन, मिलावट, अंतर्राज्यीय अवैध परिवहन और कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध प्रारंभिक स्तर पर ही सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में राजस्व, खाद्य, मंडी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सतत निगरानी एवं भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहाँ संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा मिल संचालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य सचिव ने दोहराया कि किसानों के हितों की रक्षा और धान खरीदी व्यवस्था की शुचिता बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायपाली विकासखंड अंतर्गत रेहटीखोल क्षेत्र में बीती रात संयुक्त टीम द्वारा एक ट्रक से 694 बोरा धान जब्त किया गया। जब्त धान का कुल वजन लगभग 319 क्विंटल पाया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त ट्रक में उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन किया जा रहा था। परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर धान से भरे ट्रक को मौके पर ही जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान परिवहन रोकने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है तथा संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की जा रही है, ताकि धान खरीदी प्रणाली की शुचिता बनी रहे।

धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के तहत धमतरी जिले में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति मर्यादित मोहदी के समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर को सेवा से पृथक कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान मिलावटयुक्त धान, टोकन का दुरुपयोग एवं अवैध बिक्री के प्रकरण सामने आए थे।

## जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में खुशी का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी की लहर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 109810 पंजीकृत किसानों से 1294 करोड़ 51 लाख 17 हजार रूपए मूल्य का 5452815.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1724437.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे नागरिकों की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता देते हुए समाधान करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड बनवाने, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस मितान सम्मेलन, प्रशिक्षण का आयोजन






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 21 जनवरी।** रायपुर पुलिस विभाग के द्वारा जिले के सभी पुलिस मितान के लिए एक दिवसीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दोपहर किया जा रहा है या कार्यक्रम शांति सरोवर विधानसभा रोड भवन रायपुर में आयोजित होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे अतिथियों में पुलिस महानिदेशक डीजीपी अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता एवं पुलिस महानिरीक्षक आईजी अमरेश मिश्रा की उपस्थित रहेंगे सम्मेलन में सभी पुलिस मितान को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही सुरक्षा ध्यान में रखते हुए सभी पुलिस मितान मित्रों को हेलमेट वितरण किए जाएंगे कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस को समाज के बीच समन्वय को और अधिक शसक्त बनाना तथा पुलिस मित्रों को आधुनिक सुरक्षा एवं सेवा संबंधी प्रशिक्षण से लेश करना है कार्यक्रम में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति मार्गदर्शन एवं विचार विमर्श किया जाएगा डॉक्टर लाल उमेद सिंह पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा दिया जाएगा तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी द्वारा क्षेत्र के पुलिस मितानो के साथ बैठक कर उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्हें बस के माध्यम से रायपुर कार्यक्रम स्थल भेजा गया।

# बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए अफसरों को दायित्व सौंपा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** । कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपा। उन्होंने झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। जनमानस को इस योजना के संबंध में जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के लिए सूर्यसभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आवासीय कालोनी में सोलर पैनल लगवाने तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के फायदे बताने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी 2026 तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के समापन कार्यक्रम की तैयारी करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान योजना अंतर्गत शेष छूटे हुए हितग्राहियों के लिए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के लिए घर में पढ़ाई का कोना होना चाहिए, ताकि बच्चों में अपने निर्धारित जगह पर पढने् की आदत बनी रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पालक चौपाल में आने वाली उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निरंतर जांच के लिए समन्वय करते हुए कार्य करें।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब जब्त की

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा विगत 3 माह में महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश राज्य निर्मित तथा अवैध हाथ भट्ठी मदिरा के कुल 214 प्रकरण दर्ज किए गए है। इन प्रकरणों में लगभग 11 लाख 43 हजार 192 रूपए मूल्य के कुल 1615.48 बल्क लीटर शराब तथा लगभग 4 लाख 60 हजार रूपए मूल्य के 3 वाहन जप्त किया गया है। इस तरह कुल लगभग 16 लाख 3 हजार 192 रूपए मूल्य के अवैध शराब एवं वाहन जप्त किया गया है। इन प्रकरणों पर आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़))**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.
ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम कोदवा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलुराम निषाद पिता श्री परसुराम निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम कोदवा प.ह.नं. 45 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र पूरन निषाद पिता श्री नीलुराम निषाद माता का नाम श्रीमती सावित्री निषाद का जन्म दिनांक 30.01.2024 (स्थान) ग्राम कोदवा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोदवा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग.जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 10/02/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 10/02/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**निपनिया (छत्तीसगढ़)**



**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म Green Power Solutions दिनांक 02-Jan-2026 से विधिवत रूप से विघटित (Dissolved) कर दी गई है।

फर्म के सभी साझेदारों की आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया है। विघटन के पश्चात फर्म से संबंधित कोई भी लेन-देन या दायित्व अब अस्तित्व में नहीं रहेगा।

कृपया भविष्य में इस फर्म के नाम से कोई भी व्यापारिक गतिविधि न करें।

आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

**Uttam Kumar Alkare**
8446731000



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**
निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

**निविदा विज्ञप्ति क्र. 463/14/नि.वि./2025-2026** **दिनांक 19/01/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : **09/02/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : **17/02/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
3. निविदा खोलने की तिथि : **18/02/2026 अपरान्ह 11.30 बजे**

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 14 T0082 | शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रशासनिक ब्लाक एवं महाविद्यालय भवन का पेंटिंग कार्य | 5.33 | 5000.00 |
| 14 T0083 | शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव में टायलेट भवन का निर्माण कार्य | 5.85 | 5000.00 |
| 14 T0084 | अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भवन राजनांदगांव में वाटर प्रुफ्रिंग एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य | 4.23 | 5000.00 |
| 14 T0085 | गोकुल नगर सामुदायिक भवन राजनांदगांव का विस्तारीकरण कार्य | 6.99 | 5300.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है ।

**विशेष शर्त :-**

ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा ।

जी- 252606172/4

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## एक नजर

### राजधानी की कानून व्यवस्था को सुधारने एसएसपी को ज्ञापन

**रायपुर, 21 जनवरी।** रायपुर शहर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और आम नागरिकों में व्याप्त असुरक्षा की भावना को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन ने बताया कि राजधानी रायपुर में हत्या लूट बलात्कार जैसी गंभीर आपराधिक घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आमजन भय और असुरक्षा के माहौल में ने को मजबूर हैं। शहर अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है जो अत्यंत चिंताजनक है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने प्रमुख रूप से तीन मांगें रखीं। पहली, पंडरी थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रा चौक में मासूम बच्ची के साथ हुए बलात्कार मामले में गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कड़ी से कड़ी, फांसी तक की सजा सुनिश्चित की जाए। दूसरी, फाफाडीह स्थित त्रिवेणी पान ठेला परिसर में पास फोटोकॉपी दुकान में हुई जितेंद्र दास महंत की संदिग्ध मृत्यु की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। तीसरी, रायपुर शहर में अपराधों के पीछे सक्रिय नशे के कारोबार एवं अवैध गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण करते हुए सभी थाना क्षेत्रों में चल रहे अवैध अहातों एवं नशे के कारोबार को तत्काल बंद कराया जाए।

### त्वचा और बालों की ऑर्गेनिक देखभाल के लिए कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर, 21 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मती मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री मती पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष मती प्रेरणा भट्ट ने बताया कि आज कैट महिला विंग द्वारा त्वचा और बालों की ऑर्गेनिक देखभाल हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनीता एस. शुक्ला थी। कैट महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मती मधु अरोरा ने बताया कि विनीता एस. शुक्ला एक अनुभवी स्किन और हेयर केयर विशेषज्ञ हैं, जिन्हें 25 वर्षों से अधिक का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त है। यहाँ हर उपचार व्यक्ति की त्वचा की स्थिति और आवश्यकता के अनुसार योजनाबद्ध किया जाता है।

### सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह 26 को

**रायपुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन 26 फरवरी 2026 गुरुवार को विप्र भवन में किया जा रहा है। वैदिक विधि और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह में अपने बालक के उपनयन संस्कार को यादगार बनाने के लिए कार्यालय विप्र भवन में पंयन हेतु तत्काल संपर्क करें।

### सनातन धर्मावलंबियों की बैठक 23 को

**रायपुर 21 जनवरी।** माघीपूर्णिमा को प्रयागराज में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज एवं ब्रम्हचारियों के साथ यू पी प्रशासन द्वारा किए गए बर्बरता पूर्वक कार्यवाही के खिलाफनिंदा प्रस्ताव एवं राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन देने के संदर्भ में कल दिनांक 22 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे विप्र भवन समता कॉलोनी रायपुर में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों एवं सनातन धर्मावलंबियों की बैठक आहुत की गई।

## निधन

### लक्ष्मी देवी बैद

**रायपुर।** राजनांदगांव जैन समाज के प्रतिष्ठित



परिवार प्रकाशचंद नरेशकुमार बैद (प्रकाश एल्युमिनियम) के संचालक नरेश बैद की माता धर्मनिष्ठ सुश्राविका मती लक्ष्मी देवी बैद 79 वर्ष का निधन हो गया है। वे स्वर्गीय रामलाल झाबक की पुत्री, संतोष झाबक की बहन, गौतम, शीतल एवं अंकित झाबक की बुआ थीं।

### लक्ष्मीबाई जैन



**रायपुर ।** मती लक्ष्मीबाई जैन का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम, रायपुर में किया गया। वे गोलबाजार वाले स्व महेंद्र कुमार जैन की धर्मपत्नी एवं आशीष कुमार जैन की माता एवं राजेश एवं अजय जैन की चाचा थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गईं हैं।

## नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी का घर ढहाया

**रायपुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बुधवार सुबह नाबालिग से रेप के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी के घर पर नगर निगम का बुलडोजर चला है. नगर निगम ने आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करते हुए सात दिनों के भीतर मकान से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद आज सुबह राजा तालाब के झंडा चौक स्थित घर पर बुलडोजर से आरोपी के घर को जमींदोज कर दिया गया है.

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, प्रशासन की टीम और पार्षद मौजूद रहे. पार्षद कैलाश बेहरा ने कहा कि इन लोगों पर ऐसे ही कार्रवाई की जानी चाहिए. लोगों में भारी आक्रोश है. उन्होंने कहा कि अगर उनके वार्ड में कोई भी ऐसा कृत्य होता है तो उस पर ऐसे ही कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. रायपुर की महापौर मीनल चौबे कुछ दिन पहले आई थी. उन्होंने आरोपी की दुकान और घर को तोड़ने के साफनिर्देश दिए थे.

बता दें कि जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन



थाना क्षेत्र के मोहल्ले में आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी की दुकान है, जहां वह चूड़ियां बेचता है. साथ ही वह चॉकलेट, नड्डा और मुर्रा भी बेचता था. आरोपी इन्हीं चीजों का लालच देकर 9 साल की बच्ची को अपने साथ रोज घर ले जाता था और पूरे कपड़े उतारकर गंदा काम करता था. आरोपी ने 7 जनवरी से 11 जनवरी के बीच मासूम के साथ कई बार दरिंदगी की.

# विकास कार्यों पर केंद्रीय मंत्री मांडविया से चर्चा

**रायपुर 21 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी किसान नेता योगेश तिवारी ने केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री माननीय मनसुखभाई मांडविया से शिष्टाचार एवं वैचारिक मुलाकात की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ विशेषकर बेमेतरा जिले से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। भेंट के दौरान योगेश तिवारी ने मंत्री को अवगत कराया कि आगामी 14 फरवरी को उनका छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में प्रवास प्रस्तावित है। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री से बेमेतरा जिले में भी आगमन हेतु समय देने का निवेदन किया, ताकि जिले के किसानों, युवाओं एवं ग्रामीण अंचल से जुड़े विषयों पर प्रत्यक्ष संवाद हो सके योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए जिले के विकास, युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना, ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों से माननीय मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री



मनसुखभाई मांडविया ने चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में खेल और युवा कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर जानकारी दी तथा कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है योगेश तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी समाज तक पहुंच सकता है जब उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जैसे जिले, जो कृषि प्रधान और ग्रामीण समाज से जुड़े हैं, वहां के युवाओं, किसानों और स्थानीय कारीगरों को इन योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभ मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन नीतियों के माध्यम से न केवल आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि ग्रामीण समाज में आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और रोजगार के अवसर भी सुदृढ़ होंगे। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री मनसुखभाई मांडविया के मार्गदर्शन एवं सहयोग से बेमेतरा जिले में युवाओं और किसानों के लिए नई दिशा और अवसर सुनिश्चित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिले में खेल और युवा कल्याण के क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रयास किए जाएँ ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर मिले योगेश तिवारी ने भेंट के समापन पर केंद्रीय मंत्री का उनके व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद समय देने, सकारात्मक मार्गदर्शन देने और बेमेतरा जिले के विकास हेतु विचार विमर्श में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# शंकराचार्य का अपमान सनातनी परंपराओं पर आघात: डॉ. महंत

**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और उन्हें संगम स्नान से रोके जाने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस कृत्य को भारतीय संत परंपरा का अपमान और लोकतंत्र के लिए काला दिन बताया है।

डॉ. महंत ने एक जारी बयान में कहा कि, मैं स्वयं एक कबीरपंथी हूँ और हमारे संस्कारों में संतों का स्थान सर्वोपरि है। कबीर साहब ने सिखाया है कि ''साधु भूखा भाव का, धन का भूखा नाहिं। लेकिन बड़े खेद का विषय है कि वर्तमान सरकार धन और बल के अहंकार में संतों का सत्कार भूल गई है। जो संत सत्ता की कमियों पर सवाल उठाते हैं, उन्हें कभी सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है तो कभी पुलिस बल के जरिए प्रताड़ित किया जाता है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, सरकार केवल उन संतों को पलकों पर बैठाती है जो उनके राजनीतिक एजेंडे का समर्थन करते हैं। जो अपनी परंपरा और धर्म की रक्षा के लिए स्वतंत्र आवाज उठाते हैं उन्हें अपमानित किया जाता है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, शंकराचार्य को पालकी से स्नान के लिए जाने से



रोकना सदियों पुरानी परंपराओं को कुचलने जैसा है। आज की सत्ता खुद को भगवान से भी बड़ा समझने लगी है। एक संत का स्थान राजा के सिंहासन से हमेशा ऊपर होता है, लेकिन पुलिस के जरिए संतों और बटुकों के साथ जो धक्का-मुक्की की गई, वह पराकाष्ठा है।

डॉ. चरण दास महंत ने मांग की है कि, उत्तर प्रदेश प्रशासन और केंद्र सरकार इस शर्मनाक घटना के लिए अविलंब माफी मांगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातनी परंपराओं और संतों के सम्मान के साथ कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

# विप्र कॉलेज खेल महोत्सव: प्राध्यापक और समिति के सदस्य भी हुए शामिल

**रायपुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय खेल उत्सव के तीसरे दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापक और प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया।

विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ,संचालक सुबीर तिवारी एवं प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी सहित समस्त प्राध्यापकों ने पहले हंड्रेड मीटर रेस में हिस्सा लिया ।इसके उपरांत गोला फेक और तवा फेक में पुरुष प्राध्यापकों के साथ महिला प्राध्यापकों के उत्साह के साथ भागीदारी से छात्राए भी मैदान में खेलने के लिए प्रोत्साहित हुए ।इसके बाद विद्यार्थी एवं प्रबंध समिति के क्रिकेट मैच में प्रबंध समिति ने पहले बल्लेबा करते हुए ज्ञानेश शर्मा के शानदार 48 रन की बदौलत 8 ओवर में 102 रन बनाएं। जवाब में विद्यार्थियों की टीम 80 रन ही बना पाई और मैच 22 रन से हार गई। इसके पहले बास्केटबॉल बालिका वर्ग में बीपीएड ने बीपीईएस को 15-10 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। बालक वर्ग में भी बीपीएड ने बीपीईएस को 18-7 से हराकर विजेता बना। वॉलीबॉल मैच में बीपीएड ने बीपीईएस को कांटेदार मुकाबले में 21-18 से हराकर मुकाबला ता। बालिका वर्ग में भी बीपीएड ने बीपीईएस को 21- 16 से हराया



।क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में वाणिज्य संकाय ने कंप्यूटर संकाय को 42 रन से पराजित किया। पहले खेलते हुए वाणिज्य संकाय ने 110 रन बनाए जवाब में कंप्यूटर संकाय 68 रन ही बना पाई ।दूसरे मुकाबले में शारीरिक शिक्षा विभाग ने शिक्षा विभाग को एक तरफा मुकाबले में 55 रन से पराजित किया ।पहले खेलते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग ने आठ ओवर में 125 रन बनाएं। जवाब में शिक्षा विभाग की टीम मात्र 70 रन बना पाई ।फाइनल मुकाबले में शारीरिक शिक्षा विभाग ने कॉमर्स विभाग को 28 रन से पराजित किया। पहले खेलते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग ने आठ ओवर में 105 रन बनाएं। जवाब में वाणिज्य संकाय की टीम 77 रन ही बना पाई। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कक्षा 5वीं-8वीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**रायपुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ लोक शिक्षा संचालनालय ने कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है. इस बार परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न में आयोजित की जाएगी. जारी एग्जाम शेड्यूल में 5वीं कक्षा की 16 मार्च और 8वीं कक्षा की 17 मार्च से वार्षिक परीक्षा आयोजित होंगी. सुबह 9 बजे से दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं शुरू होंगी। हालांकि इसमें छ्स्वस्थ और द्वष्टस्थ स्कूलों के छात्र इन परीक्षाओं में शामिल नहीं होंगे. संचालनालय की ओर से इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है. जारी टाइमटेबल के अनुसार, कक्षा 5वीं की परीक्षा कुल 50 अंकों की होगी, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा के लिए और 10 अंक प्रोजेक्ट वर्क के लिए निर्धारित हैं. जबकि कक्षा 8वीं की परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा और 20 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे. कक्षा 5वीं की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक और कक्षा 8वीं की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगी।

# बसंत अग्रवाल पर भूमि हड़पने का आरोप

■ गिरौद के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 21 जनवरी।** गिरौद (धरसीवा) के प्रभावित किसानों ने आज कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपकर बसंत अग्रवाल के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में दी गई, जिसमें लगभग 10 किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

किसान चंद्र कुमार नायक ईश्वर नायक विष्णु प्रसाद नायक राजेंद्र वर्मा घनश्याम प्रसाद नायक भगवत प्रसाद नायक मोहनलाल वर्मा दुष्यंत वर्मा ने आरोप लगाया है कि बसंत अग्रवाल उनके खेतों के सामने बाउंड्री वॉल बनाकर घेराबंदी कर रहे हैं और दबाव डालकर जबरन अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कई किसानों के आने-जाने के रास्तों को पूरी तरह से बैरियर लगाकर बंद कर दिया गया है, जिससे उनकी खेती-किसानी और दैनिक वन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

किसानों ने आगे बताया कि बसंत अग्रवाल



किसानों से उनकी जमीनें खरीदते समय अपने नाम पर रजिस्ट्री नहीं कराते, बल्कि टोकन/बयाना देकर किस्तों में राशि देते हैं। इसके बाद वे सीधे लॉजिस्टिक हब के व्यापारियों को जमीन बेच देते हैं। गिरौद क्षेत्र में 100 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर बिना किसी डायवर्सन (भूमि उपयोग परिवर्तन) के अवैध रूप से लॉजिस्टिक हब बनाया जा रहा है और प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है। यह कार्य पूरी तरह अवैध है और भूमि कानूनों का उल्लंघन है।

किसानों ने कलेक्टर रायपुर से मांग की है कि-बसंत अग्रवाल के खिलाफ तत्काल जांच शुरू की जाए। अवैध घेराबंदी और बैरियर हटाए जाएं तथा किसानों के रास्ते बहाल किए जाएं। बिना डायवर्सन के लॉजिस्टिक हब और अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रभावित किसानों को न्याय और सुरक्षा प्रदान की जाए।

राजेंद्र पप्पू बंजारा ने कहा, किसानों की जमीन उनकी आविका है। इसे जबरन हड़पने और अवैध व्यापार का माध्यम बनाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम कांग्रेस पार्टी के माध्यम से किसानों के साथ खड़े हैं और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद करते हैं।

## राजधानी में 'प्रीमियर स्कूल्स एक्जिबिशन' 25 को

**रायपुर 21 जनवरी।** राजधानी रायपुर के अभिभावकों के लिए अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने का एक बड़ा अवसर आ रहा है। आगामी 24 और 25 जनवरी को शहर के होटल बेबीलोन कैपिटॉल में 22वें 'प्रीमियर स्कूल्स एक्जिबिशन' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस दो दिवसीय मेले में माता-पिता को बेहतरीन शिक्षा संस्थानों को करीब से जानने का मौका मिलेगा।इस साल की प्रदर्शनी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें न केवल भारत के उच्च रैंक वाले बोर्डिंग स्कूल शामिल हो रहे हैं, बल्कि पहली बार ब्रिटिश बोर्डिंग स्कूल्स भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यहाँ अभिभावक 30 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर सकेंगे। अक्सर माता-पिता इस बात को लेकर उलझन में रहते हैं कि उनके बच्चे के लिए कौन सा बोर्ड बेहतर है। इस एक्जिबिशन में वे अलग-अलग बोर्ड्स की बारीकियों को समझ पाएंगे। यह आयोजन सिर्फ स्कूलों की जानकारी तक सीमित नहीं है। यहाँ विभिन्न पहलुओं पर एक्सपर्ट सेशन्स भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम | स्मृति दिवस पर उमाशंकर व्यास ने कहा

# चाणक्य का दर्शन और सिद्धांत सामाजिक समरसता पर आधारित

**रायपुर 21 जनवरी।** रायपुर, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन वृन्दावन हाल, रायपुर में किया गया. जिसमें आचार्य चाणक्य के वन एवं सिद्धांतों पर व्याख्यान, विप्र सम्मान एवं दर्शकों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के सम्मानित विशिष्ट आतिथि संदीप शर्मा , अध्यक्ष - छत्तीसगढ राज्य खाद्य आयोग, मती वर्णिका शर्मा , अध्यक्ष - राज्य बाल संरक्षण आयोग, शशांक शर्मा , अध्यक्ष, छत्तीसगढ संस्कृति परिषद, राजेश अग्रवाल , वरिष्ठ समाजसेवी एवं सम्मानित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास , वरिष्ठ निदेशक - नवभारत प्रेस, प्रभात मिश्र , कार्य परिषद सदस्य, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, ईशान शर्मा , राष्ट्रवादी कवि थे.

अतिथियों का मंच से स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फेड्रेशन द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यो



से अतिथियों एवं सभा को अवगत कराया. कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस की। कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास ने कहा कि चाणक्य का दर्शन और सिद्धांत सामाजिक समरसता पर आधारित है. क्षेत्रीयता को लेकर समाज में वैमनस्य पैदा करना उचित नहीं है. इस कार्यक्रम के विशिष्ट आतिथि संदीप शर्मा ने कहा कि चाणक्य ने छोटे-छोटे जनपदों में बंटे भारत को एक सूत्र में पिरोने का सपना देखा था. सांस्कृतिक एकता एवं अखंड भारत का विचार आधुनिक हिंदुत्व का एक प्रमुख स्तंभ है. विशिष्ट अतिथि मती वर्णिका शर्मा ने कहा कि चाणक्य की नीति 'साम- दाम- दंड- भेद' एवं ÷शांति केवल शक्तिशाली राष्ट्र ही स्थापित कर सकते हैं यह 'सशक्त भारत' और राष्ट्रीय सुरक्षा की नीतियों से मेल खाता है. विशिष्ट अतिथि राजेश अग्रवाल ने कहा- 'धर्म' का अर्थ केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि 'कर्तव्य' और 'न्याय' है. सुखस्य मूलं धर्मः धर्म ही समाज को अनुशासित और नैतिक बनाए रखता है. विशिष्ट अतिथि शशांक शर्मा ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए आज चाणक्य दर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है. विद्वान वक्ता प्रभात मिश्र ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी बुद्धि से दूसरों के लिए कार्य करता है वह स्वयं ही अपने वन में सफलता प्राप्त करता है. विद्वान वक्ता ईशान शर्मा ने सनातन मूल्यों की रक्षा का आव्हान किया.

दर्शकों के लिए आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी में गुणानिधि मिश्रा और अरविन्द ओझा ने दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे, सही उत्तर देने वाले सभी दर्शकों को अतिथियों के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित अतिथियों एवं विद्वान वक्ताओं को शाल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी, प्रदेश महासचिव सुनील ओझा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, त्रिभुवन नाथ तिवारी, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा आदि उपस्थित रहे.

# कॉमन टेस्ट के कारण पुलिस आरक्षक के 1500 पद खाली रह गए

**रायपुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में आरक्षकों के छह हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान पुलिस की एक चूक से आरक्षकों के करीब 1500 पद खाली रह गए हैं। इन पदों पर नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। बताया गया है कि विभाग द्वारा जिलों में कॉमन टेस्ट लिए जाने से ये गड़बड़ी हुई है।

राज्य में पुलिस आरक्षकों के छह हजार पदों के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस दौरान व्यवस्था ये रखी गई थी कि हर जिले के लिए एक कॉमन कोड जनरेट किया गया था। बताते हैं कि गड़बड़ी की शुरुआत भी यहीं से हो गई। हुआ ये कि एक अभ्यर्थी ने एक साथ दो से चार जिलों में भर्ती के लिए आवेदन दे दिए। जब भर्ती शुरू हुई, तो फिजिकल टेस्ट के बाद यही अभ्यर्थी एक जगह के लिए चयनित हो गया, लेकिन बाकी के दो या तीन स्थान इसी एक व्यक्ति की वजह से खाली हो गए। जानकारों की मानें, तो यही कारण है कि छह हजार में से 1500 पदों पर भर्ती नहीं की जा सकी है।

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने इसी संबंध में एक अलग जानकारी में बताया कि ये सही है कि एक से अधिक जिलों में एक ही अभ्यर्थी का नाम आने की वजह से कुछ पद खाली रह



जाएंगे। ये भी बताया गया है कि भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में अब तक करीब 1700 लोगों की ट्रेनिंग भी प्रारंभकर दी गई है। इसके बाद जब अनुप्रमाणन पत्र भरे जाएंगे तब ये साफ होगा कि किस जिले में कितने पद खाली रह गए हैं।

सूत्रों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया संचालित करने वाले अधिकारियों ने हर जिले के लिए एक ही कॉमन कोड जारी किया था। इसे ही एक बड़ी चूक माना जा रहा है। अगर हर जिले के लिए अलग-अलग कोड होते या ये साफ कर दिया जाता कि एक अभ्यर्थी एक ही जिले के लिए आवेदन कर सकता है तो ये विसंगति नहीं होती।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26